सुविचार
समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak



## पढ़िए क्या है नागरिको का बोलने के अधिकार आर्थत वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार/Fundamental of Right...

भारतीय संविधान में हमे अनुच्छेद 19 से 22 तक स्वतंत्रता के अधिकार दिए गए हैं अनुच्छेद 19 केवल भारतीय नागरिकों को छः प्रकार की महत्वपूर्ण स्वतंत्रता देता है जिसमे सर्वप्रथम बोलने की स्वतंत्रता भारतीय नागरिकों को दी गई हैं क्योंकि व्यक्ति मौन रहकर सरकार के सामने अपनी समस्याओं को नहीं रख सकता है इसलिए उसे सरकार के समक्ष बोलने को या किसी भ्रष्टाचार के खिलाफ या भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ टिप्पणी करना ही वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होती है।



**भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 19(1)(क) की परिभाषा-?**

वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रजात्रात्मक एवं लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की आधारशिला हैं क्योंकि मूक रहना दासता(गुलामी) की निशानी है जबकि मुँह खोलना स्वतंत्रता का सूचक है अपने अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करना एवं राज्य के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करना यही तार्किक और आलोचनात्मक शक्ति भारतीय नागरिकों को मिली है जिसे हम वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहते हैं। वाक् अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत सरकार के कार्यकलापों को जानने का अधिकार, सूचना का अधिकार, किसी भी माध्यम से प्रचार प्रसार करने का अधिकार,प्रेस की स्वतंत्रता का अधिकार, सरकार की भ्रष्टाचार नीति को लोगों को किसी भी माध्यम से (सोशल नेटवर्किंग, मीडिया, प्रेस,प्रदर्शनी द्वारा,लेखों द्वारा आदि) बताने का अधिकार, लोकहित में सरकार के खिलाफ बोलने का अधिकार,शांतिपूर्ण ढंग से धरना या प्रदर्शन करने का अधिकार, मत देने का अधिकार आदि आते हैं।

**विशेष नोट-** वाक् और अभिव्यक्ति (बोलने एवं टिप्पणी) के स्वतंत्रता के अधिकार पर मात्र 19(2) के आधार पर है रोक लगाई जा सकती है जिसकी जानकारी हमने पुर्व के लेख के विस्तार पूर्वक दे दी है।

**?? लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट हाईकोर्ट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

# चीन से झड़प के बीच भारत के ताकतबर मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया

**एजेंसी/नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी सैनिकों से झड़प के 7वें दिन भारत ने अपने सबसे ताकतवर मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया है। भारत ने गुरुवार को अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल की नाइट ट्रायल किया। एटमी ताकत वाली इस मिसाइल ने 5 हजार किलोमीटर दूर जाकर अपने टारगेट को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया। कुल मिलाकर चीन और पाकिस्तान समेत आधी दुनिया को यह मिसाइल तबाह करने की क्षमता रखता है। इस टेस्ट की टाइमिंग ही नहीं, खूबी भी बेहद खास है। दरअसल, नई टेक्नोलॉजी और उपकरणों के साथ यह टेस्ट किया गया है। नए रूप में मिसाइल पहले की तुलना में काफी हल्की होगी। मिसाइल बनाने में इस्तेमाल की गई नई तकनीकों और उपकरणों की जांच करने के उद्देश्य से ही यह परीक्षण किया गया था। डिफेंस सोर्सेज के हवाले से बताया गया है कि इस ट्रायल ने साबित कर दिया है कि अगर जरूरत हुई तो अग्नि-5 की मारक क्षमता बढ़ाई जा सकती है। देश की सबसे ताकतवर मिसाइल अग्रि-5 भारत की लंबी दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जो 5000 किमी दूर दुश्मन के ठिकाने को तबाह करने की ताकत रखती है।



### 29 हजार 401 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार

अग्नि-5 भारत की पहली और एकमात्र इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बनाया है। ये भारत के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइलों में से एक है। अग्नि-5 मिसाइल का वजन 50 हजार किलोग्राम है। यह 17.5 मीटर लंबी है। इसके ऊपर 1500 किलोग्राम वजन का परमाणु हथियार लगा सकते हैं। इस मिसाइल में तीन स्टेज के रॉकेट बूस्टर हैं जो सॉलिड फ्यूल से उड़ते हैं। इसकी गति साउंड की स्पीड से 24 गुना ज्यादा है। यह एक सेकेंड में 8.16 किलोमीटर की दूरी तय करती है। यह 29 हजार 401 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दुश्मन पर हमला करती है। अग्नि-5 को सड़क और रेल प्लेटफॉर्म से भी छोड़ा जा सकता है। ऐसे में इसे बड़ी आसानी से देश के किसी भी कोने में तैनात किया जा सकता है।

## यूआईडीएआईः देश में पांच साल में 3.5 लाख फर्जी आधार बने, मध्यप्रदेश में 10 हजार से ज्यादा

**भोपाल।** बैंकिंग खातों, एलपीजी और नेशनल सोशल असिस्टेंस प्रोग्राम समेत कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने में आधार कार्ड अहम होता है, लेकिन वह फर्जी (डुप्लीकेट और मल्टीपल) भी हो सकते हैं। देश में 2021 तक 128 करोड़ 99 लाख आधार कार्ड बन चुके हैं, जिसमें पिछले पांच साल में बने आधार कार्ड में से 355884 डुप्लीकेट और मल्टीपल निकले। इन्हें भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने निरस्त कर दिया है। निरस्त किए गए आधार कार्ड में 10 से 12 हजार मध्यप्रदेश के थे। आरटीआई एक्टिविस्ट चंद्रशेखर गौड़ ने मल्टीपल और डुप्लीकेट संबंधी जानकारी यूआईडीएआई से पूछी थी, जिसमें उन्हें बताया गया है कि देश में पिछले पांच साल में 355884 आधार कार्ड डुप्लीकेट और मल्टीपल मिले, जिन्हें निरस्त किया गया। हालांकि इस बारे में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव निकुंज श्रीवास्तव का कहना है कि आधार का काम का यूआईडीएआई देखता है, राज्य सरकार को तो सिर्फ इसमें टेक्निकल सपोर्ट रहता है। वहीं, यूआईडीएआई के भोपाल स्थित ऑफिस से इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।




### कई योजनाओं में आधार कार्ड का अहम रोल

एलपीजी, मनरेगा और नेशनल सोशल असिस्टेंस प्रोग्राम समेत कई योजनाओं का लाभ लोगों तक डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए पहुंचाने में आधार ब्रिज का अहम रोल है। देशभर में जुलाई 2022 में 12511 करोड़ रु. का ट्रांजेक्शन आधार पेमेंट ब्रिज के माध्यम से किया गया। जुलाई में आधार के माध्यम से 22.84 करोड़ रु. और ई-केवाईसी ट्रांजेक्शन किए गए हैं।

***कई में फर्जी आईडी प्रूफ:*** *मिला; नाम, पते भी गलत फेक आधार कार्ड में फर्जी आईडी प्रूफ पाया गया, जिसमें हर एक डिटेल्स जैसे नाम, पता, जन्म दिनांक, वर्चुअली आईडी सही नहीं था। फेक आधार कार्ड का नंबर ऑनलाइन यूआईडीएआई के साइट से वेरिफाई किया गया।*

युवाओं के सुझाव से तैयार होगी नई राज्य युवा नीति

## युवाओं की क्षमताओं को अनलॉक करेगी नई युवा नीतिःउच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रस्तावित युवा नीति के लिये उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि नई युवा नीति से युवाओं की क्षमताओं को अनलॉक करने का प्रयास होगा। इसमें युवाओं के विकास भविष्य के 10 साल के दृष्टिकोण की कल्पना की गई है। डॉ. यादव ने कहा कि युवा नीति का मुख्य उद्देश्य युवाओं के सभी वर्गों के बीच नागरिकता के गुणों का विकास करना और उनमें समुदाय सेवा के प्रति समर्पण का भाव पैदा करना। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि युवाओं के कौशल को विकसित कर एक सफल कार्य बल का गठन कर सकेंगे, जो राज्य की अर्थ-व्यवस्था को विकसित करने की दिशा में स्थायी योगदान दे सकें। मंत्री डॉ. यादव ने बताया कि शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवाओं के ?लिये नई युवा नीति तैयार करने के लिये युवा नीति के कम्पोनेंट पर सुझाव एवं विचार-विमर्श करने युवाओं से संवाद स्थापित किया जायेगा। इसी क्रम में विश्व विद्यालय एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों से सुझाव प्राप्त किये जायेंगे कि वे प्रस्तावित युवा नीति में किन-किन विषयों का समावेश करवाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि राष्टीय शिक्षा नीति, रोजगार, कौशल विकास, उद्यम शीलता एवं सामाजिक सम्प्रेषण में अपनाये गये नवाचार एवं युवा नीति पर कक्षाओं में चर्चा कर ऑनलाइन/ऑफलाइन सुझाव प्राप्त किये जायेंगे।



### मंत्री डॉ. यादव ने कहा

भविष्य में हमें एक ऐसी सशक्त और स्वस्थ पीढ़ी तैयार करना है जो भावी चुनौतियों का सामना करने तैयार हो। युवाओं में सामाजिक मूल्यों की भावना को जाग्रत करना और उनमें सामाजिक सेवा को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि राज्य युवा नीति बनाने में देश के अन्य राज्यों में बनी युवा नीति के प्रावधानों का भी अध्ययन किया जाएगा। साथ ही केन्द्र शासन से संबंधित विभागों से विमर्श किया जा रहा है। साथ ही देश के प्रमुख शिक्षाविदों का भी सहयोग लिया जाएगा। प्रदेश के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में राज्य युवा नीति के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को दृष्टिगत रखते हुए सुझाव प्राप्त किए जाएँ।

## ठंड बढ़ी तो थम गया डेंगू, दिसंबर के 15 दिन में मिले सिर्फ 16 मरीज

**भोपाल।** दिसंबर में पड़ रही कड़ाके की ठंड से राजधानी में डेंगू का संक्रमण थम गया है। दिसंबर के 15 दिन में महज 16 मरीज ही सामने आए हैं। जबकि, नवंबर में 221 मरीज मिले थे। इस महीने एक दिन में औसतन एक मरीज मिल रहा है। जबकि, नवंबर में हररोज 7 से ज्यादा मरीज सामने आ रहे थे। बीते साल डेंगू के 781 नए मरीज सामने आए थे। नवंबर में 194 मरीज मिले थे। लेकिन, इस बार नवंबर में नए मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही थी। अकेले नवंबर में 221 मरीज सामने आए, जो कुल 651 मरीजों का करीब 34 प्रतिशत है। जिसे देखते हुए आशंका यह जताई जा रही थी कि डेंगू मरीजों की संख्या बीते साल के आंकड़ों को पीछे छोड़ देगी। लेकिन, दिसंबर में तेजी से गिरे तापमान के कारण डेंगू संक्रमण लगभग समाप्त हो गया है। नवंबर के अंतिम और दिसंबर के पहले सप्ताह में तीन मौत के बाद अमला सक्रिय हुआ।




## ऊर्जा मंत्री तोमर ने डीआरपी लाईन स्थित विद्यालय का किया निरीक्षण

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने डीआरपी लाइन स्थित शा.उ.मा.विद्यालय का निरीक्षण कर स्कूल भवन के उन्नयन कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। विद्यालय के प्राचार्य ने अवगत कराया कि बच्चों की कक्षा के लिये अतिरिक्त तीन कक्षों की आवश्यकता है। मंत्री श्री तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस पेट्रोल पम्प से श्री शैलेन्द्र चौहान के मकान तक रोड एवं सीवर लाइन बनवाने के लिये आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

**ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 9वी कक्षा के बच्चों को पढाया:** निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री विद्यालय में संचालित कक्षा 9वीं में पहुंचे और बच्चों को अपना परिचय दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत करो, मेहनत करो जी तोड कर, हर शौक से मुंह मोड कर, मेहनत करो। इन पंक्तियों के साथ छात्रों को प्रेरित कर उनसे कहा कि आप देश का भविष्य हो। आपको पढाई में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो आप मुझे अवगत करायें। साथ ही बच्चों के पास बैठकर उनसे पढाई के बारे में चर्चा की।



## दहेज-दानव

.कब और कैसे बचेंगे
मानव ना दहेज लेंगे
ना दहेज देंगे
सब के घरो में बेटी हैं
सब के घरो में बहनें हैं
विवाह में क्यो देखते हैं ?
दुल्हन ने क्या गहने पहने हैं
जो चाहत (गहनो की ) हम
अपने दुल्हन से रखेंगे
वही चाहत, हमारे बहनों, बेटियों से
उनके दुल्हे भी रखेंगे
जो साजो-सामान की इच्छा
हम विवाह मंडप में करेंगे
वही साजो-सामान हमें
अपने बहनों, बेटियों के
विवाह मंडप पर रखने होंगे
दुल्हन से बढ़कर दहेज नहीं होता ?
दहेज से क्यो किसी को,
परहेज नहीं होता ?
दहेज लेना और दहेज देना
वैसा ही अपराध है।
जैसेरिश्वत लेना और रिश्वत देना
रिश्वत लेना चलन बन गया है
दहेज लेना चलन मत बनाओ
बिना दहेज के दुल्हन ले जाओ
इंसान हो तुम इंसानियत निभाओ..
?



विचार क्रांति-
हरीश पांडल

# शाहरुख के पोस्टर पर चप्पलें मारी, पुतला जलायाः इंदौर में पठान का विरोध; मुस्लिम संगठन भी बोले-फिल्म मुसलमानों के खिलाफ

**भोपाल/इंदौर।** मध्यप्रदेश में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म पठान का विरोध तेज हो गया है। गुरुवार को इंदौर के मालवा मिल चौराहे पर शाहरुख खान के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। महिलाओं ने शाहरुख के पोस्टर पर चप्पलें मारीं, इसके बाद भाजपा युवा मोर्चा ने पुतला दहन कर विरोध जताया। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी भी फिल्म के विरोध में है। भोपाल में के अध्यक्ष पीरजादा खुर्रम मियां चिश्ती ने कहा कि 24 घंटे के अंदर देशभर से उन्हें 400 से ज्यादा कॉल आए। कई लोग घर पर आए और पठान फिल्म को मुस्लिमों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि फिल्म में मुस्लिमों की भावनाओं को भड़काया गया है। पठान मूवी 25 जनवरी को रिलीज होना है। एक महीने पहले इसका टीजर आया था और हाल ही में इसका पहला गाना बेशरम रंग... रिलीज हुआ है। जिसमें एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने शाहरुख के साथ बेहद बोल्ड सीन दिए हैं। इस गाने में दीपिका भगवा रंग की बोल्ड ड्रेस भी पहनी दिख रही हैं, इसी बात को लेकर मूवी का विरोध हो रहा है। प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी कह चुके हैं कि पठान फिल्म के गाने में अभिनेत्री की वेशभूषा और दृश्यों को ठीक करें, नहीं तो फिल्म को प्रदेश में रिलीज होने की अनुमति दी जाए अथवा नहीं, इस पर फैसला किया जाएगा। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष ने भी फिल्म के सीन्स को लेकर आपत्ति जताई है।



### क्या बोले AIMTC के अध्यक्ष...

खुर्रम ने कहा, कमेटी के पास देशभर से फोन आ रहे हैं। फिल्म को अश्लीलता दिखाने और धर्म को बदनाम करने वाला बताया गया है। सबसे ज्यादा फोन यूपी, बिहार, कर्नाटक और तेलंगाना से आए हैं। फिल्म में कानून और नियमों का मजाक उड़ाया गया है। मुस्लिम धर्म को बदनाम करने की अनुमति किसी को भी नहीं है, फिर चाहे वो शाहरुख खान हों या फिर कोई भी खान हो। आगे खुर्रम ने कहा, हमने इस संबंध में अपना विरोध दर्ज करा दिया है। इसके बाद भी फिल्म रिलीज होती है, तो हम इसके खिलाफ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्यपाल को ज्ञापन देंगे। केंद्रीय सेंसर बोर्ड को भी पत्र लिखकर फिल्म में मुस्लिमों की भावनाओं को भड़काने वाले सीन हटाने की मांग करेंगे। कोई भी हो, हम उसका पुरजोर विरोध करेंगे। फिल्म में इस्लाम के नियमों और कानून का मजाक बनाया गया है। यह सहनीय नहीं है।

खुर्रम ने कहा, केंद्रीय सेंसर बोर्ड को भी पत्र लिखकर हम फिल्म से मुस्लिमों की भावनाओं को भड़काने वाले सीन हटाने की मांग करेंगे। कोई भी हो, हम उसका पुरजोर विरोध करेंगे। खुर्रम ने कहा, केंद्रीय सेंसर बोर्ड को भी पत्र लिखकर हम फिल्म से मुस्लिमों की भावनाओं को भड़काने वाले सीन हटाने की मांग करेंगे। कोई भी हो, हम उसका पुरजोर विरोध करेंगे।

### गृहमंत्री पहले ही यह कह चुके...

मध्यप्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने एक दिन पहले कहा था- पठान फिल्म के गाने में अभिनेत्री की वेशभूषा और दृश्यों को ठीक करें, नहीं तो फिल्म को प्रदेश में रिलीज की अनुमति दी जाए अथवा नहीं, इस पर फैसला किया जाएगा। मिश्रा ने कहा कि फिल्म के गाने में उपयोग की गई कॉस्ट्यूम पहली नजर में बेहद आपत्तिजनक है। साफ दिख रहा है कि यह गाना दूषित मानसिकता के कारण फिल्माया गया है। वैसे भी दीपिका पादुकोण जेएनयू मामले में टुकड़े-टुकड़े गैंग की समर्थक रही हैं।

पठान मूवी 25 जनवरी को रिलीज होना है। एक महीने पहले इसका टीजर और हाल ही में इसका पहला सॉन्ग बेशरम रंग... रिलीज किया गया है। इसमें शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण ने बेहद हॉट और बोल्ड सीन दिए हैं। इस गाने में दीपिका ने भगवा रंग की बोल्ड ड्रेस पहनी है, इसे लेकर मूवी का विरोध हो रहा है।

पठान मूवी 25 जनवरी को रिलीज होना है। एक महीने पहले इसका टीजर और हाल ही में इसका पहला सॉन्ग बेशरम रंग... रिलीज किया गया है। इसमें शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण ने बेहद हॉट और बोल्ड सीन दिए हैं। इस गाने में दीपिका ने भगवा रंग की बोल्ड ड्रेस पहनी है, इसे लेकर मूवी का विरोध हो रहा है।

### नेता प्रतिपक्ष भी सवाल उठा चुके

नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह भी पठान मूवी को लेकर सवाल खड़े कर चुके हैं। उन्होंने कहा- जो सीन देखा, वो अशोभनीय और गंदा है। भारतीय संस्कृति इसे स्वीकार नहीं कर सकती। हमारे देश की ऐसी परंपरा नहीं है कि इस तरीके के अर्धनग्न सीन नौजवानों के बीच परोसे जाएं।

# हवाई यात्रा महंगी हुईः देश में केरल, अंडमान, शिमला, मनाली व कश्मीर के लिए सबसे ज्यादा बुकिंग



**ग्वालियर।** 2 साल बाद नए साल का जश्न कोरोनारहित लोग मनाएंगे। इस बार नए साल में पर्यटक केरल, अंडमान, शिमला, मनाली व कश्मीर जाने के लिए ट्रेन व फ्लाइट से टिकट बुक करा रहे हैं। इसके साथ ही दुबई, मालदीव व सिंगापुर के लिए वीजा लेने के साथ फ्लाइट से टिकट बुक करा रहे हैं। पर्यटकों की संख्या एक दम से बढ़ने के कारण फ्लाइट का किराया भी बढ़ गया है। वहीं केरल, गोवा, जम्मू व मुंबई जाने वाली ट्रेनों में 25 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर तक लंबी वेटिंग का टिकट मिल रहा है। दो साल बाद नए साल का जश्न पर्यटक कोरोना रहित मनाने जा रहे हैं। इसके चलते पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। दिसंबर में में पर्यटकों की संख्या सबसे अधिक बढ़ी है। क्रिसमस व नए साल में पर्यटकों की संख्या और बढ़ने का अनुमान है। इसके साथ ही सबसे अधिक अंचल के आसपास के लोग दुबई व बैंकाक जाने के लिए फ्लाइट की टिकट बुकिंग करा रहे हैं। इससे इंटरनेशनल फ्लाइट का किराया भी बढ़ा है।

# प्रदेश में 1600 करोड़ का निवेश करेगा वॉल्वो तथा आयशर मोटर्स का संयुक्त उपक्रम

### उद्योगपतियों ने लिनेन और जूट इकाइयाँ स्थापित करने में भी दिखाई रूचि



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जनवरी 2023 में इंदौर में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। ऑटोमोबाइल, टेक्सटाईल, फार्मा सहित अन्य उद्योगों के लिए मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएँ हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उद्योगपतियों से भेंट में यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान से मुख्यमंत्री कार्यालय समत्व भवन में फोर्स मोटर्स लिमिटेड के चेयरमेन श्री अभय फिरोदिया और डीजीएम श्री अभय सिंघी, व्ही.ई. कमर्शियल लिमिटेड के प्रबंध संचालक, सी.ई.ओ. श्री विनोद अग्रवाल और वाइस प्रेसीडेंट श्री नितिन नागड़ा, सागर ग्रुप के चेयरमेन श्री सुधीर अग्रवाल, यशोदा लिनेन यार्न लिमिटेड के सी.एम.डी. श्री अवंति कुमार कांकरिया और कार्यकारी संचालक श्री आशीष कांकरिया, अवादा वेंचर्स प्रायवेट लिमिटेड के चेयरमेन श्री विनीत मित्तल और जी.एम. श्री मुकेश सिंघानिया ने भेंट की। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री मनीष सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान को वॉल्वो ग्रुप तथा आयशर मोटर्स के संयुक्त उपक्रम व्ही.ई. कमर्शियल व्हीकल्स के श्री विनोद अग्रवाल ने बताया कि उपक्रम भोपाल, धार और देवास जिलों में वाहन निर्माण से संबंधित इकाइयों में 1600 करोड़ रूपए निवेश करेगा। यशोदा लिनेन यार्न लिमिटेड के श्री कांकरिया ने प्रदेश में लिनेन की इकाई स्थापित करने में रूचि दिखाई। उन्होंने कहा कि स्टिचिंग और वीविंग इकाई की स्थापना पर लगभग 450 करोड़ रूपये का निवेश किया जाएगा, जिससे 4 हजार लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह समूह पूर्वी मध्यप्रदेश क्षेत्र में जूट इकाई लगाने की संभावनाओं पर भी कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान से फोर्स मोटर्स लिमिटेड और सागर ग्रुप के प्रतिनिधियों ने प्रदेश की औद्योगिक नीति तथा निवेश प्रोत्साहन संबंधी सहायता के प्रावधानों के संबंध में चर्चा की। अवादा ग्रुप के प्रतिनिधियों ने प्रदेश में सी.एस.आर. गतिविधियों के बारे में विचार-विमर्श किया।

## झालावाड़ निवासी रामलाल रेगर ने थाना अधिकारी झालावाड़ चन्द्रज्योति शर्मा को दिया प्रार्थना पत्र

**रामलाल रेगर पत्रकार**

झालावाड। झालावाड़ निवासी रामलाल रेगर ने थाना अधिकारी झालावाड़ चन्द्रज्योति शर्मा को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मोबाईल नं. 9040459721 से अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाट्सअप पर मेरे नाम से पैसों की मांग की जा रही है तथा है जिस पर मेरा फोटो लगा रखा है। जबकि यह मेरा नम्बर भी नहीं है। उक्त मोबाईल नम्बर वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किये जाने तथा उक्त कृत्य और अन्य किसी व्यक्ति के साथ ना करे इसके लिए उसे पाबन्द किया जाये या अन्य जो भी न्यायिक प्रक्रिया है वो अमल में लायी जाने के लिए कहा गया। वहीं रामलाल रेगर ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से आमजन को सचेत रहना चाहिए तथा रूपये सामने वाले से बात होने के पश्चात् ही डाले जाये यही इसका बचाव है, इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। सावधानी ही बचाव है।

## भोपाल में वेट चेकिंग से शुरू हुई जूनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता

**भोपाल।** भोपाल के बिशनखेड़ी स्थित मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी में सोमवार से जूनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। पहले दिन की शुरूआत वेट चेकिंग से हुई। वेट चेकिंग में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले घोड़ों की वेटनरी डॉक्टर और जूरी मेम्बर्स द्वारा सम्पूर्ण जाँच की जाती है। घोड़ों को राइडिंग एरीना में दौड़ा कर और पैदल चला कर देखा जाता है। इसके अलावा उनकी आँखों, हार्ट और लंग्स, दाँत और चमड़ी का भी पूर्ण चेकअप किया जाता है। मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी में 25 दिसम्बर तक चलने वाली इस चेम्पियनशिप में 249 घोड़ों के साथ 16 राज्यों के 200 राइडर्स भाग ले रहे हैं।

# शिक्षा अनीतिः सेकंड ईयर में मेजर विषय नहीं बदल पा रहे 70 हजार विद्यार्थी

**इंदौर।** नई शिक्षा नीति में विषय बदलने की आजादी विद्यार्थियों के लिए मुसीबत बन गई है। जो विद्यार्थी सेकंड ईयर में आकर मेजर विषय बदला चाह रहे हैं, उन्हें नियमानुसार उस विषय की फर्स्ट और सेकंड ईयर की पढ़ाई साथ करना होगी। परीक्षा भी दोनों पेपर की देना होगी, लेकिन कॉलेजों को अब तक इस बारे में कोई दिशा-निर्देश ही नहीं है। इस वजह से वे अनुमति देने को तैयार नहीं हैं। इससे प्रदेश के करीब 70 हजार विद्यार्थियों की पढ़ाई और डिग्री दोनों संकट में आ गई है। नियम के मुताबिक ग्रेजुएशन के विद्यार्थी सेकंड ईयर में विषय बदल सकते हैं। भास्कर की पड़ताल में खुलासा हुआ कि सरकार ने घोषणा तो कर दी पर कॉलेजों को दिशा-निर्देश जारी नहीं किए। मार्च में परीक्षा होना है लेकिन विद्यार्थी विषय ही नहीं बदल सके हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इंदौर की नोडल अधिकारी अंजना सक्सेना ने बताया, छात्र ओपन इलेक्टिव विषयों में तो बदलाव कर रहे हैं क्योंकि इसका एक-एक ही पेपर पढ़ना है लेकिन मेजर व माइनर विषयों को लेकर कोई दिशा-निर्देश नहीं हैं।



### मेजर विषय बदला तो सेकंड ईयर में फर्स्ट ईयर की पढ़ाई भी करना होगी

**केस- 1** खंडवा जीडीसी की छात्रा कुमकुम नंदमेर ने बताया, पहले साल में मेजर विषय के रूप में बिजनेस मैथ्स लिया था, विषय कठिन है इसलिए बिजनेस इकोनॉमिक्स लेना चाहती हूं।

**केस- 2** इंदौर की काजल कुशवाह ने बताया, मेरा मेजर विषय हिंदी साहित्य था, अब मुझे साइकोलॉजी लेना है। कॉलेज से जानकारी मांगी तो उन्होंने यूनिवर्सिटी में बात करने को कहा। यूनिवर्सिटी में अधिकारी बोले- भोपाल से दिशा-निर्देश आएंगे तब हो सकेगा। ऐसे में अब हम क्या करें?

**कॉलेज तैयार ही नहीं, परीक्षा पर भी असमंजसः** विद्यार्थी को मेजर विषय में 2 पेपर पढ़ना होते हैं। यदि किसी विद्यार्थी ने सेकंड ईयर में मेजर सब्जेक्ट बदला तो उसे समस्या आएगी।


आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# सिस्टम से नाराज युवक बैठा भूख हड़ताल पर, चार साल से भटक रहा है जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए

❑ जबलपुर

जबलपुर के मंझोली में रहने वाला एक युवक चार सालों तक जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भटकता रहा, इस दौरान उसने तहसील से लेकर एसडीएम कार्यालय और कलेक्ट्रेट तक के चक्कर काटा, कार्यालय में अधिकारी कहते है सरकार नही बना रहीं है, सरकार के पास जाकर शिकायत करो, थक हराकर युवक भाजपा संभागीय कार्यालय के बाहर जाकर भूख हड़ताल में बैठ गया।

हालांकि भाजपा पदाधिकारियों ने आश्वाशन दिया है कि युवक की समस्या का समाधान किया जाएगा। मंझोली तहसील के दर्शनी गांव में रहने वाला आजाद मांझी बी.एस.सी तक पढ़ाई की है, आजाद को अपनी नौकरी के लिए जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रहीं है पर चार साल हों गए उसे भटकते हुए कहीं से भी उसे मदद नही मिली। आजाद का कहना है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद कई



जगह नौकरी के लिए इंटरव्यू दिया पर हर बार जाति प्रमाण पत्र ना होने से फार्म निरस्त हो जाता है। आजाद कहते है कि ऐसी पढ़ाई किस काम की जो कि नौकरी ना दिलवा पाए। सिस्टम से परेशान आजाद मांझी ने भाजपा संभागीय कार्यालय के सामने घंटों तक भूख हड़ताल पर बैठा रहा।

आजाद ने बताया की उसकी बड़ी बहन वह भी ग्रेजुएट है छोटा भाई भी 18 साल का हों गया है पर किसी का जाति प्रमाण पत्र नही बन पाया है। आजाद ने बताया कि सरकारी कार्यालय में जाओ तो अधिकारी कहते है सरकार की तरफ से ही नही बन रहा है इसलिए सोचा कि क्यों ना सरकार के कार्यालय के बाहर जाकर भूख हड़ताल करू इसलिए भाजपा के संभागीय कार्यालय के बाहर खड़े होकर प्रदर्शन कर रहा हूं। आजाद ने कहा कि जब तक उसकी समस्या का निराकरण नही हों जाता तब तक वह आंदोलन करता रहेगा।

आजाद मांझी की समस्या को लेकर भाजपा नेताओं का भी बयान सामने आया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने आजाद मांझी की समस्या को लेकर कहा कि जाति प्रमाण पत्र उनका क्यों नही बन पा रहा है यह देखा जाएगा साथ ही उन अधिकारियों से भी बात की जाएगी जो कि उनका जाति प्रमाण पत्र नही बना रहें है।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों ने की भेंट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से आज संभावना कौशल एवं सामाजिक विकास संस्थान से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों ने भेंट की। उल्लेखनीय है कि संस्थान द्वारा विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। गत वर्ष संस्थान के अनेक विद्यार्थी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विभिन्न सेवाओं के लिए चयनित भी हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संस्थान में कोचिंग प्राप्त कर रहे छात्र -छात्राओं से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री श्री चौहान और श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ विद्यार्थियों ने समूह चित्र खिंचवाए और सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विद्यार्थियों से अध्ययन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने विभिन्न सेवाओं के लिए ली जा रही कोचिंग और अध्ययन कार्य के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ विभिन्न विषयों के अध्ययन में उपयोगी पुस्तकों पर भी चर्चा की और सफलता के लिए कठोर परिश्रम का आग्रह करते हुए शुभकामनाएँ दीं।

## आत्म-निर्भर भारत के निर्माण में किसानों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण : कृषि मंत्री श्री पटेल

**भोपाल।** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा है कि आत्म-निर्भर भारत के निर्माण में किसानों का योगदान अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। कृषि मंत्री श्री पटेल भोपाल में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भू-उर्वरता को बनाए रखने के लिए हर खेत मिट्टी परीक्षण एंबुलेंस प्रयोगशाला सेवा शुरू की जा रही है। अपर मुख्य सचिव कृषि श्री अशोक वर्णवाल, अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी श्री जे.एन. कंसोटिया, संचालक कृषि श्रीमती प्रीति मैथिल नाईक, एमडी मंडी बोर्ड श्रीमती रश्मि, सीजीएम नाबार्ड श्री एम.डी. मल्होत्रा और कृषि उत्पादक समूह के किसान मौजूद रहे। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्म-निर्भर भारत निर्माण के संकल्प को पूरा करने मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। आत्म-निर्भर भारत निर्माण में कृषि और किसानों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारी अर्थ-व्यवस्था कृषि आधारित रही है। किसानों की आय को दोगुना करने के लिए राज्य सरकार निरंतर किसान कल्याणकारी योजनाएँ बना कर संचालित कर रही है। कृषि में रासायनिक खाद के अत्यधिक प्रयोग से खेत की मिट्टी का क्षरण हो रहा है। राज्य सरकार ने मिट्टी क्षरण को रोकने के लिए किसान के खेत की मिट्टी का परीक्षण करने हर खेत मिट्टी परीक्षण एम्बुलेंस प्रयोगशाला सेवा शुरू करने जा रही है।

## मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन बालगोविंद जी शांडिल्य महाराज के अवतरण दिवस पर सनातन धर्म चेतना वाहन यात्रा का किया स्वागत

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज ब्रह्मलीन श्री 1008 बालगोविंद जी शांडिल्य महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर नगर के प्रमुख मार्गो से निकली यात्रा का 74 बंगले क्षेत्र में पहुँचने पर स्वागत किया। यह सनातन धर्म चेतना वाहन यात्रा संत हिरदाराम नगर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए करुणाधाम आश्रम तक पहुँची। यात्रा के स्वामी दयानंद नगर में पहुँचने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बी-8 निवास पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यात्रा वाहन में सुसज्जित ब्रह्मलीन श्री बालगोविंद जी शांडिल्य महाराज की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ब्रह्मलीन श्री बालगोविंद जी शांडिल्य महाराज के 94वें जन्म-दिवस के अवसर पर इस यात्रा के उद्देश्य को पावन बताते हुए महाराज जी के योगदान का स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ब्रह्मलीन श्री बालगोविंद जी शांडिल्य महाराज के सुपुत्र और करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर गुरुदेव श्री सुदेश जी शांडिल्य महाराज का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। गुरुदेव श्री सुदेश जी शांडिल्य महाराज ने मुख्यमंत्री श्री



चौहान को तुलसी का पौधा भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान ने गुरुदेव श्री सुदेश जी शांडिल्य महाराज की धर्मपत्नी और गुरुमाता श्रीमती ममता शांडिल्य का पुष्पों से स्वागत किया। विधायक श्रीमती कृष्णा गौर सहित जन-प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे। सनातन धर्म चेतना वाहन यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त और नागरिक शामिल हुए।

## तीन दिन से चट्टानों में फंसा व्यक्ति जिंदा निकाला गयाः जगह बनाने के लिए धमाके किए, 13 चट्टानें हटाईं तब मिली कामयाबी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के कामारेड्डी जिले के जंगल में तीन दिन से चट्टानों के बीच खतरनाक रूप से फंसे 36 साल के व्यक्ति को गुरुवार दोपहर सुरक्षित बचा लिया गया। इस दौरान उसे लिक्विड डाइट दी गई। रेस्क्यू के लिए चट्टानों में कंट्रोल्ड धमाके किए गए। करीब 13 चट्?टानों को हटाया गया तब कामयाबी मिली। रेड्डीपेट गांव के सी राजू का मोबाइल फोन मंगलवार को चट्टानों के बीच गिर गया था। उसे निकालने के लिए वह नीचे उतरा तो चट्टानों के बीच खाई में फिसल गया। वह ऐसा फंसा कि अपने शरीर को नहीं हिला पा रहा था। घटना के समय वह एक दोस्त के साथ उस इलाके में एक पहाड़ी पर टहल रहा था। दोस्त ने घटना की सूचना उसके परिवार को दी। इस पर परिवार के सदस्यों ने उसे बचाने की कोशिश की। जब वे उसे निकाल नहीं सके तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

**ऑक्सीजन सप्लाई जारी रखी और जूस दिया:** रेस्क्यू के समय यह ध्यान रखा गया कि टूटी चट्टानें राजू पर न गिरें। इस दौरान राजू को ऑक्सीजन की सप्लाई जारी रखी गई। उसे जूस पिलाया गया। राजू के रिश्तेदार अशोक ने चट्टानों के अंदर उसके पास पहुंचकर



लगातार लिक्विड डाइट देकर बचाव अभियान में अहम भूमिका निभाई। वे राजू से बातें करते रहे और उनका हौसला बढ़ाते रहे।

**13 चट्टानों को हटाना पड़ा, बेहद कठिन ऑपरेशनः** कामारेड्डी जिले के एसपी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि 10 बड़े पत्थरों को एक के बाद एक धीरे-धीरे हटाया गया। आखिर में दो और बड़ी चट्टानों को हटाया गया। उसके बाद राजू जिस चट्टान पर लेटा हुआ था, उसे निकाला गया और राजू को सुरक्षित बचा लिया गया। रेड्डी ने कहा, यह बेहद कठिन ऑपरेशन था। हमें खुशी है कि राजू को बिना किसी चोट के बाहर निकाल लिया गया।

### राजू की हालत स्थिर

गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे राजू को रेस्क्यू किए जाने के बाद अस्पताल ले जाया गया। राजू ने अस्पताल में मीडिया को बताया, मैं सेल फोन निकालने के लिए अंदर गया और बाहर आने की कोशिश की, लेकिन मैं नहीं आ सका। मैं तीन दिन तक बोल्डर के बीच फंसा रहा, लेकिन मुझे डर नहीं लगा।' डॉक्टरों का कहना है कि राजू को दो दिनों तक निगरानी में रखा जाएगा।

**पत्नी बोली- चिंता थी, लेकिन बचने की उम्मीद भी थीः** राजू की पत्नी ने बचाव के प्रयासों में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे चिंता कर रही थीं, लेकिन उम्मीद थी कि राजू जिंदा निकल आएगा, क्योंकि वह बोल सकता था। पुलिसकर्मियों के साथ फॉरेस्ट, रेवेन्यू, मेडिकल, फायर ब्रिगेड और स्थानीय जनता ने भी बचाव अभियान में सहयोग किया।

## दुर्गा जत्था बनाकर रोके बाल विवाह, आमिर खान की सीक्रेट सुपरस्टार रही

**नई दिल्ली।** अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित वाइटल वॉयसेज और रिलांयस फाउंडेशन की ओर से 2022-23 के लिए इंडिया की टॉप 50 वुमन लीडर की सूची जारी की गई है। इसमें बिहार के कटिहार की रहने वाली शिल्पी सिंह भी हैं। बच्चियों को तस्करी से बचाना, बाल विवाह रोकने के लिए काम करना, गरीब और ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल पहुंचाना, इन कामों की वजह से शिल्पी को वुमन लीडर के रूप में चुना गया है। ये मैं हूं में आज जानते हैं शिल्पी सिंह की कहानी, उनकी जुबानी। मेरा जन्म कटिहार के बरमसिया में हुआ। बचपन कुछ वैसा ही था जैसे आपने फिल्म दंगल में आमिर खान की बेटियों को देखा था। पिता और बेटी के बीच रिलेशन ऐसा ही था। न बाल लंबे करने का परमिशन था, न नेल पॉलिश करने का। न लड़कियों की तरह फैशन करने की छूट थी। सजना-संवरना तो सोच भी नहीं सकती थी। शायद पिता ने पहले ही सोच रखा था कि अपनी बेटी के लिए क्या करना है। मेरा मानना है कि पिता वह पहला मर्द होता है जो घर के बाहर 100 मर्दों के साथ डील करने की बुद्धि देता है। पढ़ाई चलती रही, साथ में कथक में भी दाखिला लिया। कथक में भी बेस्ट रही। इसकी परीक्षा में डिस्टिंक्शन से पास हुई। जब नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) का कैंप लगा तो वहां भी ट्रेनिंग ली। चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में दिल्ली के प्रगति मैदान में जाकर परफॉर्म भी किया। कभी दूरदर्शन में काम करने की इच्छा थी लेकिन वो पूरी नहीं हो सकी।

## आत्म-निर्भर भारत के निर्माण में किसानों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण : कृषि मंत्री श्री पटेल

भोपाल। किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा है कि आत्म-निर्भर भारत के निर्माण में किसानों का योगदान अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। कृषि मंत्री श्री पटेल भोपाल में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भू-उर्वरता को बनाए रखने के लिए हर खेत मिट्टी परीक्षण एंबुलेंस प्रयोगशाला सेवा शुरू की जा रही है। अपर मुख्य सचिव कृषि श्री अशोक वर्णवाल, अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी श्री जे.एन. कंसोटिया, संचालक कृषि श्रीमती प्रीति मैथिल नाईक, एमडी मंडी बोर्ड श्रीमती रश्मि, सीजीएम नाबार्ड श्री एम.डी. मल्होत्रा और कृषि उत्पादक समूह के किसान मौजूद रहे। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्म-निर्भर भारत निर्माण के संकल्प को पूरा करने मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है

भारत पहुंचा फ्रांस से खरीदा आखिरी राफेल

## 36 विमानों की डील पूरी, 59 हजार करोड़ में हुआ था सौदा

**नई दिल्ली।** फ्रांस से खरीदे गए 36 राफेल विमानों में से अंतिम विमान भी गुरुवार को भारत की जमीन पर उतर गया है। इसके साथ ही फ्रांस से भारत आने वाली राफेल की यह खेप पूरी हो गई। वायुसेना ने गुरुवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी है। ट्वीट में कहा गया है- फीट ड्रॉय, पैक पूरा! 36 राफेल विमानों में से आखिरी विमान,श्व वायु सेना के टैंकर के जरिए एक तेज गति मार्ग से भारत में उतरा।

### 59 हजार करोड़ में हुआ था सौदा

भारत ने 2016 में फ्रांस से 36 राफेल फाइटर प्लेन की खरीद के लिए 7.87 अरब यूरो, यानी करीब 59 हजार करोड़ रुपए का समझौता किया था। फरवरी 2022 तक भारत को 35 राफेल मिल चुके थे। देश की सुरक्षा के लिए गेमचेंजर माने जा रहे राफेल विमानों की सबसे पहली खेप में पांच विमान अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर



जुलाई 2020 में उतरे थे। राफेल का निर्माण भी मिराज बनाने वाली फ्रेंच कंपनी दसॉ एविएशन ने किया है। राफेल कई घातक हथियार और मिसाइल ले जाने में सक्षम, दुनिया के सबसे आधुनिक फाइटर प्लेन में से एक है। इसे भारतीय सेना के लिए रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण अंबाला एयर फोर्स स्टेशन पर तैनात किया गया है, जो दूरी के लिहाज से पाकिस्तान और चीन दोनों के करीब पड़ता है।

### राफेल में लग सकती हैं तीन तरह की मिसाइलें

राफेल को अपनी स्पीड, हथियार ले जाने की क्षमता और आक्रमण क्षमता की वजह से जाना जाता है। ये सिंगल और डुअल सीटर दोनों विकल्पों के साथ आता है। भारत ने 28 सिंगल और 8 डुअल सीटर राफेल खरीदे हैं। राफेल की मारक रेंज 3,700 किलोमीटर है। इसमें तीन तरह की मिसाइलें लगाई जा सकती हैं। हवा से हवा में मार करने वाली मीटियॉर, हवा से जमीन पर मार करने वाली स्कैल्प और हैमर मिसाइल। राफेल स्टार्ट होते ही महज एक सेकेंड में 300 मीटर ऊंचाई पर पहुंच सकता है। यानी एक ही मिनट में राफेल 18 हजार मीटर की ऊंचाई तक पहुंच जाता है। इसका रेट ऑफ क्लाइंब चीन-पाकिस्तान के पास मौजूद आधुनिक फाइटर प्लेन्स से भी बेहतर है।

**मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने पीएससी 2019 की मुख्य परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए**

# चयनित अभ्यर्थियों से फिर मुख्य परीक्षा कराना अन्याय, हाईकोर्ट ने दिए विशेष परीक्षा के निर्देश

❑ जबलपुर



मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने एमपीपीएससी-2019 की मुख्य परीक्षा एक बार फिर करवाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जस्टिस नंदिता दुबे की सिंगल बैंच ने अपने आदेश में कहा कि हाईकोर्ट के आदेश की व्याख्या आयोग ने मनमाने तरीके से की है। न्यायालय ने अपने आदेश में परीक्षा असंशोधित नियम 2015 के तहत करवाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि नई सूची में अनारक्षित वर्ग के जिन अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, उनके लिए आयोग छह माह में विशेष परीक्षा आयोजित करें।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की एमपीपीएससी-2019 की मुख्य परीक्षा में चयनित 102 अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में पांच याचिकाएं दायर की थी। इनमें कहा गया है कि एमपीपीएससी-2019 की प्रारंभिक परीक्षा परिणाम को रिवाइज करते हुए मुख्य परीक्षा की नई सूची तैयार की है। पूर्व में आयोजित एमपीपीएससी-2019 की मुख्य परीक्षा के रिजल्ट को निरस्त कर दिया गया है। मुख्य परीक्षा में उनका चयन हो गया था। साक्षात्कार होना था। आयोग के आदेश की वजह से उन्हें फिर से मुख्य परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा।

याचिकाकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया कि 571 पदों के लिए 3.6 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। एमपीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा जनवरी 2022 में आयोजित की गई थी। संशोधित नियम 2015 के तहत परीक्षा परिणाम घोषित करने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई थी। इस दौरान आयोग ने मुख्य परीक्षा का आयोजन कर लिया। मुख्य परीक्षा में उनका चयन हो गया है। सिर्फ साक्षात्कार की प्रक्रिया शेष है। हाईकोर्ट ने असंशोधित नियम 2015 का पालन करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने परीक्षा निरस्त करने का आदेश नहीं दिया है। एमपीपीएससी की 2011, 2013 और 2015 के परीक्षा परिमाण में संशोधन कर नए अभ्यर्थियों के लिए विशेष परीक्षा का आयोजन किया गया था। चयनित होने के बाद मुख्य परीक्षा निरस्त करना उनके साथ अन्याय है। सिंगल बैंच ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश की व्याख्या लोक सेवा आयोग ने मनमाने तरीके से की है और मुख्य परीक्षा फिर से करवाने का निर्णय लिया है। सिंगल बैंच ने अपने आदेश में कहा है कि प्रारंभिक परीक्षा की रिवाइज लिस्ट में आरक्षित वर्ग के नवयोग्य अभ्यर्थियों की संख्या 2721 है। मुख्य परीक्षा में अनारक्षित अभ्यर्थियों की संख्या 1918 है। मुख्य परीक्षा में 10767 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिसमें से 8894 परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके थे। जिन अभ्यर्थियों का सिलेक्शन हो गया और साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया, उनकी फिर से परीक्षा कराना उनके साथ अन्याय होगा। फिर से मुख्य परीक्षा कराने में अतिरिक्त व्यय होगा, जो जनहित में नहीं है। पहले की ही तरह नई सूची के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के लिए विशेष परीक्षा अगले छह माह में आयोजित की जाए। पूर्व की मुख्य परीक्षा तथा विशेष परीक्षा के परिमाण अनुसार अंतिम सूची तैयार की जाए। अधिवक्ता रामेश्वर सिंह का कहना है कि आदेश के खिलाफ वह अपील दायर करेंगे। इंटरविनर की तरफ से पैरवी करते हुए उन्होंने तर्क दिया कि एक भर्ती की दो अलग-अलग परीक्षाएं लेना संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 का उल्लंघन होगा। दो अलग-अलग परीक्षा में उत्तीर्ण उक्त आदेश के विरुद्ध शीघ्र ही डबल बेंच में रिट अपील दायर की जाएगी।

## 14 शिक्षक निलंबित, मॉनिटरिंग में पाए गए थे लापरवाह, कार्रवाई से शिक्षा विभाग में मचा हड़कंप

❑दमोह



मप्र सरकार सरकारी स्कूलों का स्तर सुधारने की तमाम योजनाएं चला रहा है, लेकिन व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की मनमानी से छात्रों का भविष्य अंधेरे में जा रहा है। दमोह जिले में ऐसे ही 14 लापरवाह शिक्षकों को हाल ही में निलंबित किया गया है। एक साथ 14 शिक्षकों के सस्पेंड होने से विभाग में हड़कंप मच गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एसके मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर स्कूलों की मॉनीटरिंग कराई जा रही है, इसके बाद भी कई स्कूल समय पर नहीं खुल रहे हैं तो कई जगह शिक्षक दोपहर तक स्कूलों से नदारद पाए गए हैं। इसी गंभीर लापरवाही पर 14 शिक्षकों को निलंबित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अन्य अनुपस्थित एवं देरी से आने वाले प्रायमरी शिक्षकों के विरूद्ध एक वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने, एक दिवस का वेतन काटने की कार्रवाई की जा रही है। उम्मीद है कि शिक्षक अपनी कार्यप्रणाली सुधारेंगे। निलंबित किए गए शिक्षकों में रघुवीर सिंह प्रायमरी स्कूल खिरिया लखरोनी पथरिया, दशरथ गौंड प्रायमरी स्कूल खजुराई हरदुआ, अभिलाषा मिश्रा प्रायमरी स्कूल वंशीपुर जबेरा, मीना साहू प्रायमरी स्कूल धनगौर कछार तेंदूखेड़ा , माया यादव प्रायमरी स्कूल कोटातला रैयतवारी संकुल उर्द, कल्पना मुंडा प्रायमरी स्कूल पडरी भगुंत, अंजू अहिरवार प्रायमरी स्कूल केवलारी पथरिया, हेमंत कुमार तंतुवाय प्रायमरी स्कूल कूढा, विमला जैन प्रायमरी स्कूल हथनी, योगेश सोनी प्रायमरी स्कूल निमरमुंडा हटा, तुलसीराम सेन प्रायमरी स्कूल सुजानपुरा कुम्हारी, अंजू सोनी प्रायमरी स्कूल रैयतवारी समन्ना, यशोदाबाई ठाकुर प्रायमरी स्कूल दसौंदीमाल तेंदूखेड़ा, सविता पांडे प्रायमरी स्कूल मानपुर टपरिया शामिल हैं।

## वाणिज्यिक कर अफसर की आय से अधिक संपत्ति की जांच शुरु, संपत्ति का आंकड़ा 120 प्रतिशत ज्यादा

❑ इंदौर




वाणिज्यिक कर अधिकारी दिलीप राठौर के खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति मामले में कई नए खुलासे हुए हैं। नौकरी में आने के बाद से अब तक राठौर को वेतन के रूप में 56 लाख रुपए मिले हैं, लेकिन उनकी काली कमाई का आंकड़ा आय से 120 फीसदी अधिक निकल रहा है। शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने राठौर की गोपनीय जांच शुरू की।

हालांकि राठौर को इसकी भनक तक नहीं लगने दी गई। जांच में यह भी पता चला कि राठौर ने अपने भाई विजय के साथ इंदौर, भोपाल व खंडवा में कई संपत्तियां खरीदीं। राठौर का 2008 से अब तक का कुल वेतन लगभग 56 लाख रुपए बनता है। इसमें से 18 लाख खर्च भी घटा दिया जाए, तो इनके पास सिर्फ 37.52 लाख रुपए बचना चाहिए। यानी वेतन की तुलना में उनकी आय 120.43 प्रतिशत ज्यादा है। जांच में राठौर के भाई विजय के व्यवसाय एवं आय के संबंध में कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं मिले। ईओडब्ल्यू ने उन पर कार्रवाई करने के लिए प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है। ईओडब्ल्यू की यह इस साल की दूसरी बड़ी कार्रवाई है। दरअसल, राठौर का निवास इंदौर में है, लेकिन वह भोपाल में पदस्थ है। उनके खिलाफ एक गोपनीय शिकायत ईओडब्ल्यू के पास पहुंची थी, जिसकी तफ्तीश में शिकायत सही पाई गई। हाल ही इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई।

राठौर फिलहाल एंटी इवेजन विंग भोपाल में वाणिज्यिक कर अधिकारी हैं। इस विंग को सबसे कमाई वाली पोस्टिंग मानी जाती है। इसमें महज एक से डेढ़ साल के लिए निरीक्षक स्तर के अधिकारी को रखा जाता है। स्टेट हाईवे, नेशनल हाईवे पर गश्ती, ट्रांसपोर्ट की जांच जैसे मलाईदार काम इस विंग के पास रहते हैं। बिना बिल के गाड़ियों को पकड़ना, उनमें पेनल्टी की गणना करना भी विंग के हाथ में होता है।

# सरकारी जमीन पर बिना अनुमति 56 पेड़ काट दिए, 5 दिन बाद भी एफआईआर नहीं

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर्यावरण बचाने के लिए रोज एक पौधा लगा रहे है, साथ ही जनता को भी प्रेरित कर रहे**

❑ भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर्यावरण बचाने के लिए रोज एक पौधा लगा रहे है। साथ ही जनता को भी प्रेरित कर रहे है। इधर भोपाल की खजूर सड़क के धामनिया गांव सड़क पर सरकारी जमीन पर पौधरोपण कर लगाए 56 पेड़ों को बिना अनुमति काट दिया गया। इसके पीछे तर्क दिया गया कि भूमि आवासीय है। यहां पर हितग्राहियों को पट्टे दिए जाएंगे। वहीं, इस मामले में वन विभाग की तरफ से पुलिस को शिकायत दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर से लेकर भोपाल कलेक्टर को पत्र लिखा, लेकिन पांच दिन बाद भी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। खजूरी सड़क के ग्राम धामनिया सड़क की उक्त 2.41 हेक्टेयर भूमि 2006-07 में सीपीए को आवंटित की गई थी। इस पर सीपीए की तरफ से पौधरोपण किया गया। इन पेड़ों को काट दिया गया। इसकी जानकारी लगने पर वन विभाग ने 8 दिसंबर को खजूरी सड़क पुलिस थाने में शिकायत दी। इसके बावजूद पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर भोपाल वन मंडल अधिकारी ने भोपाल कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर को पत्र लिख कर पेड़ो की अवैध कटाई के संबंध में जानकारी दी। इसमें बताया कि खजूरी सड़क में धामनिया रोड़ पर छात्रावास के पास वृक्षारोपण क्षेत्र में सरपंच प्रतिनिधि दिनेश पटेल ने अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई की गई। पटेल ने वन विभाग के अधिकारियों को कटे पेड़ों की गणना करने से भी रोका। जब वन विभाग के अधिकारियों ने पेड़ काटने की अनुमति के संबंध में जानकारी मांगी तो वह भी नहीं दी गई। मौके पर 56 पेड़ों को बिना अनुमति के काटा गया है। मौके से पेड़ों की लकड़ियां भी प्राप्त नहीं हुई। इस मामले में प्रभारी वनरक्षक राजेश पाण्डेय ने खजूरी सड़क थाने में शिकायत दी गई, लेकिन पांच दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। वहीं, इस मामले में जिला प्रशासन के अधिकारी मामले में गोलमोल जवाब दे रहे हैं। भोपाल डीएफओ आलोक पाठक बोले कि हमने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने, अवैध तरीके से पेड़ काटने को लेकर पुलिस कमिश्नर और भोपाल कलेक्टर को पत्र लिखा है। हुजूर एसडीएम आकाश श्रीवास्तव का कहना है कि राजस्व नक्शे में भूमि आवासीय है। पहले कभी पौधरोपण के लिए जमीन वन विभाग को दी गई होगी, लेकिन यह सही है कि पेड़ अवैध तरीके से काटे गए है। इस संबंध में कोई अनुमति नहीं ली गई है। जमीन पर कोई अतिक्रमण नहीं है। इस मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस से बातचीत की है। खजूरी सड़क थाना प्रभारी संध्या मिश्रा का कहना है कि मैं छुट्टी पर थी। अभी मामले की जानकारी नहीं है। जानकारी लेने के बाद ही आपको कुछ कह पाउंगी। सरपंच प्रतिनिधि दिनेश पटेल का कहना है कि भूमि आवासीय है। यहां पर हितग्राहियों को पट्टे दिए जाने हैं। इसलिए पेड़ काटे गए हैं।

## गोरखपुर एक्सप्रेस के इंजन में फंसा मिला कटा सिर, इटारसी स्टेशन पर एक घंटा खड़ी रही ट्रेन

❑ इटारसी

मध्यप्रदेश के इटारसी जंक्शन पर यशवंतपुर से गोरखपुर के लिए रवाना हुई 12592 गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के इंजन में एक व्यक्ति की जली हुई खोपड़ी मिलने से हड़कम्प की स्थिति बन गई। यह सिर इंजन की जाली में फंसा था। इस पर सुरक्षाकर्मियों की नजर पड़ी। उसके बाद सिर को बाहर निकाला गया। यह मामला मंगलवार रात का है। जली हुई खोपड़ी से शिनाख्त होना संभव नहीं है। डॉक्टर जांच कर ही बताएंगे कि यह किसी महिला की है या किसी पुरुष की। इसके बाद जीआरपी ने यशवंतपुर से इटारसी के बीच पड़ने वाले सभी स्टेशनों को इसकी जानकारी दी। जीआरपी अब इस बात का पता लगा रही है कि जिस भी व्यक्ति का सिर है, उसका धड़ कहां है। इस वजह से यशवंतपुर से इटारसी के बीच पड़ने वाले धर्मावरम, रायचूर, सिकंदराबाद स्टेशन, काजीपेठ स्टेशन, बल्लारशाह स्टेशन, नागपुर एवं अन्य स्टेशनों पर अज्ञात मर्ग की सूचना भेजी है। ताकि व्यक्ति की शिनाख्त हो सके। जीआरपी के सुरेश कुमार वरदेले ने मीडिया को बताया कि ट्रेन पर कोई लाश होगी, जिसका सिर कटकर इंजन में फंस गया होगा। आशंका यह भी है कि किसी ने शरीर के टुकड़े कर इंजन में सिर फेंक दिया हो। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। इसके लिए चिकित्सकों की मदद ली जा रही है। इटारसी रेलवे स्टेशन पर गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस को एक घंटे के लिए रोकना पड़ा। दरअसल, सिर निकालने में ही एक घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। मंगलवार को रात नौ बजे ट्रेन इटारसी स्टेशन पर पहुंची थी। इसके बाद किसी की नजर इंजन में फंसे सिर पर पड़ी और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया।

संपादकीय

# आजम खान अब जीत की गारंटी नहीं रहे अपने बूथों तक पर सपा को नहीं जिता पाये

समाजवादी पार्टी के फायर ब्रांड नेता और मुस्लिमों का बड़ा चेहरा समझे जाने वाले आजम खान की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। एक तरफ आजम को कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ उनकी सियासी जमीन उनके ही गढ़ रामपुर में हासिये पर सिमट गई है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव जब भी रामपुर में कोई चुनाव होता है तब प्रत्याशी तय करने के लिए आजम खान की शरण में पहुँच जाते हैं। यह सिलसिला नेताजी मुलायम सिंह के समय से चला आ रहा है जिसे अब अखिलेश आगे बढ़ा रहे हैं। दरअसल, रामपुर के किसी भी चुनाव में आजम खान को जीत की गारंटी माना जाता था। आजम के नाम पर सपा रामपुर में कई चुनाव जीत चुकी है, लेकिन



पिछले कुछ चुनावों से आजम की लोकप्रियता में खासी गिरावट आई है। अब वह जीत की गारंटी नहीं रह गए हैं। इसीलिए तो हाल फिलहाल में हुए उपचुनाव के नतीजे सामने आने के बाद रामपुर में समाजवादी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। जहां एक तरफ मैनपुरी लोकसभा सीट और खतौली विधानसभा की सीट पर विजय हासिल करके सपा गद-गद है तो वहीं रामपुर के परिणाम उसके लिए परेशानी का सबब हैं। रामपुर उपचुनाव में सपा की इतनी बुरी हार हुई है कि आजम खान अपना बूथ तक नहीं बचा पाए। ये भी तब जब रामपुर सीट पर आजम खान 10 बार विधायक रहे, फिर भी वहां से उनके खास आसिम राजा को हार का मुंह देखना पड़ा। आजम खान का बूथ रजा डिग्री कॉलेज में है। उपचुनाव में बूथ संख्या 5 पर मात्र 189 वोट पड़े हैं। जिसमें 96 वोट बीजेपी प्रत्याशी आकाश सक्सेना को मिले हैं। जबकि सपा प्रत्याशी आसिम राजा को मात्र 87 वोट ही मिले। निर्दलीय प्रत्याशी जुनैद खान को दो वोट मिले, जबकि दो वोट नोटा के खाते में गए, लेकिन आजम समर्थक दूसरी ही कहानी कहते घूम रहे हैं, उनका आरोप है कि आजम के पक्ष में मतदान करने वाले वोटरों का पहले वोटर लिस्ट से नाम हटा दिया गया और उसके बाद जो वोटर बचे उन्हें मतदान केन्द्र ही नहीं जाने दिया गया। इसी बूथ संख्या 5 पर आजम खान की पत्नी और पूर्व सांसद डॉ. तंजीन फातिमा और विधायक बेटे अब्दुल्लाह आजम ने वोट डाला। रजा कॉलेज के ही बूथ संख्या एक पर भी भाजपा जीती। उसे 280 वोट मिले, जबकि सपा प्रत्याशी को 11 वोट ही मिले। बूथ संख्या 2 पर भाजपा को 303 वोट और सपा को 15 वोट मिले। बूथ संख्या 3 पर भाजपा को 120 और सपा को 30 वोट मिले। बूथ संख्या 4 पर भाजपा हार गई। यहां बीजेपी प्रत्याशी आकाश सक्सेना को 19 वोट मिले, जबकि समाजवादी पार्टी को 144 वोट मिले। बूथ संख्या 6 पर भाजपा को 16 और समाजवादी पार्टी को 53, बूथ संख्या 7 पर भाजपा को 28 और समाजवादी पार्टी को 148 वोट मिले।

# 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल होने के आसार बढ़े

*पंजाब में सफलता के बाद उनकी पार्टी गुजरात और हिमाचल में चुनाव में उतरी। हिमाचल प्रदेश में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को केवल 1.10 प्रतिशत मत हासिल हुए। वह अपना खाता तक नहीं खोल पाई। 67 सीटों पर खड़े आप के प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए। कई सीट पर उसे नोटा से भी कम वोट मिले हैं। कुल मिलाकर नोटा का प्रतिशत करीब 0.60 रहा। डलहौजी, कसुम्पटी, चौपाल, अर्की, चंबा और चुराह जैसे निर्वाचन क्षेत्रों में आप की तुलना में लोगों ने नोटा को अधिक तरजीह दी।*



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय दल बनने के बाद 2024 के आम चुनाव में मोदी के मुकाबले आप के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल मजबूत विकल्प हो सकते हैं। विपक्षी दल एकजुटता के काफी समय से प्रयास में लगे हैं। हर दल का नेता अपने को प्रधानमंत्री मोदी के विकल्प के रूप में पेश करने में लगा था, किंतु केजरीवाल ने अपनी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनाकर इस दिशा में लंबी छलांग लगा दी। आप के राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद ये भी साफ हो गया कि अब तक विपक्षी एकता से केजरीवाल दूर क्यों थे? वे चुपचाप अपनी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनाने में लगे थे। और वे अब इस इरादे में कामयाब हो गए।

पंजाब में सफलता के बाद उनकी पार्टी गुजरात और हिमाचल में चुनाव में उतरी। हिमाचल प्रदेश में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को केवल 1.10 प्रतिशत मत हासिल हुए। वह अपना खाता तक नहीं खोल पाई। 67 सीटों पर खड़े आप के प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए। कई सीट पर उसे नोटा से भी कम वोट मिले हैं। कुल मिलाकर नोटा का प्रतिशत करीब 0.60 रहा। डलहौजी, कसुम्पटी, चौपाल, अर्की, चंबा और चुराह जैसे निर्वाचन क्षेत्रों में आप की तुलना में लोगों ने नोटा को अधिक तरजीह दी।

गुजरात में आम आदमी पार्टी पहली बार चुनाव में उतरी। उसने पांच सीटों पर जीत हासिल की। ये उसके लिए बड़ी उपलब्धि है। आप के 182 उम्मीदवारों में से 126 उम्मीदवारों की जमानत भले ही जब्त हो गई। पर 35 सीटों पर आम आदमी पार्टी दूसरे नंबर पर रही। आप ने जो पांच सीटें जीतीं, इनमें से दो सीटों पर 2017 में बीजेपी, दो पर कांग्रेस और एक पर बीटीपी का कब्जा था। भाजपा के गढ़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृहराज्य में जाकर चुनाव लड़कर विजय पाना आसान नहीं है। यहां आप ने पांच सीट पर विजय पाई और 35 पर दूसरे नंबर पर रही। यह उसकी बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले वह पंजाब में सरकार बनाकर दिल्ली नगर निगम में बहुमत पाने में कामयाब रही।

अरविंद केजरीवाल ने अपने इरादे अभी तक जाहिर नहीं किए थे। वह कभी विपक्षी गठबधंन की बैठक में शामिल भी नहीं हुए। 2024 के चुनाव को देखते हुए कभी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एकता का प्रयास किया। तो कभी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने, पर कामयाबी नहीं मिली। क्योंकि हर दल का क्षत्रप अपने को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता रहा है। वह किसी दूसरे दल के नेता को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। जब भी कहीं चुनाव आते हैं, विपक्षी एकजुट होना शुरू हो जाते हैं। अब तक पिछले आठ साल में दर्जनों बार कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दलों ने एकजुटता के प्रयास किए किंतु यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे के आगे फीके ही रहे। कारण भी साफ रहा कि जो भी दल एकता के प्रयासों में भागीदार बनना चाहता है वह अपने नेता को संयुक्त विपक्ष के प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में देखना चाहता है। किसी दूसरे को नहीं। सबके अपने स्वार्थ होने के कारण ये एका आगे नहीं बढ़ पाती।

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा से नाता तोड़ने के बाद बड़े आक्रामक रूप में भाजपा को विरुद्ध दिखाई दिए। अपने प्रदेश से निकल कर राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को पटखनी देने की कोशिश में लग गए। एकता के प्रयासों को हरियाणा में पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की जयंती पर आयोजित रैली में आगे बढ़ाने की कोशिश हुई। इस रैली में दस राज्यों में विपक्षी दलों के 17 बड़े नेताओं को आमंत्रित किया गया था। लेकिन कई बड़े चेहरों ने इस कथित तीसरे मोर्चे की रैली में शिरकत नहीं की। शिरकत नहीं करने वालों में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन जैसे बड़े चेहरे थे। रैली में अपनी मौजूदगी से ये भाजपा को बड़ा संदेश दे सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ये तमाम नेता यहां नहीं पहुंचे। ऐसे में देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा को बैठे-बिठाए हमला बोलने का मौका दे दिया।

वैसे जब भी एकता के प्रयास हुए, परीक्षा की घड़ी में ये सब तिनके की तरह बिखर गए। राष्ट्रपति के चुनाव से पूर्व ममता बनर्जी बड़े जोश से विपक्ष को एकजुट करने में लगीं थीं। किंतु राष्ट्रपति का चुनाव आते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी के समर्थन का एलान किया। इसके बाद उत्तर प्रदेश में सपा गठबंधन के साथी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने भी राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी का समर्थन किया। ऐसा ही उपराष्ट्रपति के चुनाव में हुआ। यदि सारा विपक्ष एकजुट हो जाता तो भाजपा प्रत्याशी का जीतना संभव नहीं था। पर विपक्ष सदा बंटता रहा है।

अब देश में भाजपा के अलावा दो राष्ट्रीय दल हो गए हैं कांग्रेस और आप। कांग्रेस के पास नरेंद्र मोदी के मुकाबले का कोई चेहरा नहीं हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी इस समय देश जोड़ो यात्रा पर निकले हैं। उनका प्रयास अपने को राष्ट्रीय नेता के रूप में स्थापित करने का है, किंतु पिछले कुछ सालों में उनकी छवि गैर गंभीर नेता की बन गई है, जो संसद में कभी आंख मारता है, तो कभी भाषण देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गले जा मिलता है। उनसे बड़ा चेहरा तो आज उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा बन गयी हैं।

आप के अरविंद केजरीवाल की पार्टी तेजी से देश में आगे बढ़ रही है। अब वह राष्ट्रीय दल बन गया। ऐसे में अब तक चुप रहने वाले केजरीवाल का प्रयास होगा कि विपक्ष के एकजुट होने की बात पर वे अपने को मोदी के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करें। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद मोदी आज एक ऐसा ब्रांड बन चुके हैं, कि देश में उनके मुकाबले और स्तर का कोई दूसरा नेता नजर नहीं आता। जिसे भी मुकाबले पर लाने की कोशिश होती है, वह बौना ही रह जाता है। दूसरे विपक्ष स्वार्थ के लिए एकत्र होता है, सिद्धांत के लिए नहीं और स्वार्थ का गठबंधन ज्यादा दिन नहीं चलता।

**-अशोक मधुप**

# पंजाब में हिंसा और आतंक की बढ़ती घटनाओं पर तत्काल ध्यान दे मान सरकार

पंजाब में हिंसा, आतंकवाद एवं नशे की बढ़ती घटनाएं चिन्ता का कारण बनती जा रही हैं। जबसे आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हिंसा, हथियारों एवं नशे की उर्वरा भूमि बनकर पंजाब के जीवन की शांति पर कहर ढहा रही है। आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना न केवल पंजाब बल्कि पूरे राष्ट्र के लिये संकट का संकेत हैं। ऐसा ही एक ताजा संकेत तरनतारन के एक थाने में राकेट लांचर से हमला से मिला है, जिसे अतिवादी-आतंकी तत्वों के दुस्साहस का नया प्रमाण कहा जा सकता है। इस हमले ने कुछ माह पहले मोहाली में खुफिया विभाग के मुख्यालय पर हुए राकेट हमले की याद दिला दी। इस हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से यह मानकर की जा रही है कि यह आतंकी हमला है। प्रांत में लगातार सिर उठा रही आतंकवादी घटनाएं, नशे का बढ़ता प्रचलन एवं बन्दूक संस्कृति इस प्रांत के अशांत एवं अस्थिर होने की आधारभूमि कही जा सकती है।

पंजाब में इन दिनों हुई हिंसक घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले न सिर्फ बेकसूर लोगों की हत्याएं कर रहे हैं, बल्कि उनका दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि पुलिस थानों को भी निशाना बनाया जा रहा है। मई में ही पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की



हत्या हुई थी। सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद यदि राज्य पुलिस इन गिरोहों पर लगाम कसती, तो शायद हालात इतने नहीं बिगड़ते। नवंबर में शिवसेना (टकसाली) नेता सुधीर सूरी और डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी प्रदीप सिंह के बाद 7 दिसंबर को एक कपड़ा व्यापारी की हत्या से स्पष्ट है कि पानी सिर से गुजरता जा रहा है। विपक्ष की आलोचनाओं से घिरने के बाद मान सरकार ने बंदूक संस्कृति व भड़काऊ गानों पर रोक लगाने के अलावा ऐसा कोई कड़ा कदम नहीं उठाया है, जो यह संकेत दे कि वह बढ़ती हिंसा को लेकर गंभीर है। वह सार्वजनिक रूप से हथियार लहराने और देशविरोधी बयान देने वालों पर अंकुश लगाने के लिए अपेक्षित कदम नहीं उठा रही है। यह भी अजीब बात है कि इस तरह की भनक मिलने के बाद भी सुरक्षा एजेंसियां न तो आतंकी तत्वों की टोह ले सकीं और न ही तरनतारन में उनके दुस्साहसी हमले को रोक सकीं। यह निराशाजनक है कि जब पंजाब सरकार और उसकी पुलिस को अतिवादी-आतंकी तत्वों के दुस्साहस पर लगाम लगाने में सक्षम दिखना चाहिए, तब वह असहाय-निरुपाय-सी दिख रही है। यह शुभ संकेत नहीं, बल्कि चिन्ता का बड़ा सबब है।

पंजाब ने अपने सीने पर लम्बे समय तक आतंकवाद को झेला है, हिंसा, हत्याओं एवं आपराधिक गिरोहों का इतिहास पुराना है और अब तो यह साफ हो गया है कि राज्य में जिस तरह के अपराध हो रहे हैं, उन्हें अंजाम देने वाले सरगना विदेशों में बैठे हैं। विदेश में बैठे इन गैंगस्टर्स के इशारों पर यह खतरनाक खेल चल रहा है, उनके तार पाकिस्तान से जुड़े होना भी चिंता बढ़ाता है। पाकिस्तान देश में अशांति के लगातार प्रयत्न कर रहा है, उसमें युद्ध लड़ने की क्षमता एवं साधन-सुविधाओं का अभाव है। वैसे भी अब युद्ध मैदानों में सैनिकों से नहीं, भितरघात करके, निर्दोषों की हत्या कर लड़ा जाता है। सीने पर वार नहीं, पीठ में छुरा मारकर लड़ा जाता है।

# आखिर कब और कैसे थमेगी भारत और चीन के बीच अक्सर होने वाली हिंसक झड़प?

लीजिए, भारत और चीन की सेना के बीच एक और हिंसक झड़प हो गई। जी हां, तवांग, अरुणाचल प्रदेश में हुई झड़प की ही बात हम कर रहे हैं। अमूमन कभी लद्दाख तो कभी अरुणाचल प्रदेश और कभी अन्य सीमा क्षेत्र के बीच भारत और चीन के सैनिक आमने-सामने होते रहते हैं। ऐसे में यह सवाल सबके जेहन को कुरेदती रहती है कि आखिर भारत और चीन के बीच ब्रेक के बाद होने वाली हिंसक झड़प कैसे थमेगी? इन झड़पों की वजहें क्या हैं और इन्हें रोकने के लिए क्या-क्या उपाय करने होंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि 1962 में एक दूसरे के खिलाफ लड़ चुके भारत और चीन पुनः एक दूसरे के खिलाफ एक और युद्ध लड़ने के लिए जगह-जगह पर अपने नए सामर्थ्य का टेस्ट कर रहे हैं! कहना न होगा कि हाल के वर्षों में डोकलाम, पेंगोंग झील, गलवान घाटी, नाथुला दर्रा के बाद तवांग में हुई तनातनी और हिंसक मारपीट के गहरे निहितार्थ हैं। चीन एक ऐसा साम्राज्यवादी देश है, जो अपने अधिकांश पड़ोसी देशों से कहीं न कहीं उलझा हुआ है। लेकिन उत्तर-पूर्व में रूस और दक्षिण-पश्चिम में भारत से उसे तगड़ा जवाब मिलता आया है। मसलन, यदि चीन



ने भारत के खिलाफ अपनी आक्रामकता कम नहीं की और पाकिस्तान को आक्रामक होने में सहयोग देना बंद नहीं किया, तो भविष्य में दोनों देशों को लेने के देने पड़ सकते हैं, क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला भारत अपने दुश्मनों की आंख में आंख डालकर बात करना जानता है। सच कहूं तो समकालीन भारत, बल्कि पूर्व प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटलबिहारी बाजपेयी के कुशल नेतृत्व के द्वारा तराशा हुआ भारत है, जिसकी तूती अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में बोल रही है। बावजूद इसके, चीन इसे 1962 वाला भारत समझने की गलती कर रहा है, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की अदूरदर्शिता की वजह से भारत को अपने नेक इरादे के बावजूद भारत-चीन युद्ध में मुहकी खानी पड़ी थी।

# जिले की सबसे बड़ी जल समूह योजना से 159 गांव के 1.85 लाख लोगों को घोघरी बांध से मिलेगा पेयजल

❑ बैतूल

जिले से निकली ताप्ती नदी पर 318 करोड़ से बने घोघरी बांध से किसानों को सिंचाई के साथ पीने के लिए पानी भी उपलब्ध होगा। मुलताई और प्रभातपट्टन ब्लॉक के 159 गांवों के लिए जल निगम ने घोघरी जल समूह योजना तैयार की है। इस योजना का भूमिपूजन के बाद सर्वे का काम शुरू हो गया है। 278 करोड़ की पेयजल सप्लाई योजना की समय-सीमा 28 माह निर्धारित की है। दिसंबर 2024 तक इसका काम पूरा हो जाएगा। जिले की यह सबसे बड़ी जल समूह योजना है। इससे 1 लाख 85 हजार 458 लोगों को पानी मिलेगा।

घोघरी बांध से 35 गांवों में 9990 हेक्टेयर रकबे में सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। साथ ही 4.67 एमसीएम पानी पेयजल के लिए बांध में आरक्षित रहेगा, जो 159 गांवों में पेयजल के लिए सप्लाई होगा। पिछले दिनों कुंडबकाजन गांव में सीएम शिवराज सिंह ने योजना का भूमिपूजन करने के बाद काम शुरू हो गया है। जल निगम भोपाल ने मुंबई की विक्रांत इंजीनियरिंग को इसका ठेका दिया है। कंपनी द्वारा योजना के तहत इंटकवेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा टंकी निर्माण के लिए सर्वे शुरू कर दिया है। योजना का काम पूरा होने के बाद पंचायत को हैंडओवर की जाएगी। गांवों में घर तक पाइप पहुंचाकर नल से पानी सप्लाई होगी।



जल समूह योजना में 159 गांव तक पानी पहुंचाने के अलावा यह भी ध्यान रखा जाएगा कि प्रति व्यक्ति 50 से 70 लीटर पेयजल मिल सके। जल निगम द्वारा योजना पूरी करने के बाद पंचायतों को हैंडओवर की जाएंगी। पंचायत में इसके लिए पेयजल उप समिति बनाई जाएगी। इस समिति 11 लोगों को रखा जाएगा। जो गांवों में पेयजल सप्लाई करने के लिए वॉल्वमैन रखेगी। समिति द्वारा गांवों में पानी सप्लाई कब करना है। इसके लिए समय भी तय किया जाएगा। आमडोह, वलनी, बानूर, बोथिया, चिखलखापा, दतोरा, देहगुड़, धारनी, डोंगरपुर, गौला, हेटीखापा, हनुमानपेठ, जंबाड़ी, जामगांव, झिरीखापा, जूनापानी, कान्हाखापा, करजगांव, खड़आमला, खापा, खेड़ी बुजुर्ग, खेड़ीकोर्ट, कुडई, कुटखेड़ी, लिहदा, मोहरखेड़ा, मोही, नगरकोट, नैनादेही, पाताखेड़ा, पिसाटा, पोहर, पौनी, रायसेड़ा, रवा, साबड़ी, सांडिया, सेमझिरा, सेमला, सोमलपुर, सोनखेड़ी, सोनोरा, सोनोरी। अंभोरी, आमनाथ, अमराई, अमरावती, आष्टा, बलेगांव, बघोड़ा, वालेगांव, बलहोरा, बलनी, वंडाली, बिहरगांव, बिरुल बाजार, बिसनूर, बोरगांव, बारेगांव शेरगढ़, बोरपेंड, चकोरा, चंदोरी कालन बुजुर्ग, चरुड़, छिंदखेड़ा, चिखली माल, चिखली रैयत, दबका, दतोरा, देव भिलाई, देव डोंगरी, ढाबला, धामनधास, डोल्हन, डोंगरपुर, डूबर रैयत, इकलहरा, इटावा, गंगापुर, गरव्हा, गौना, गेहूं बारसा, घाना, घोरपेंड, गोधनी, गौनापुर, गोंडी धनोरी, हिड़ली, हिवरखेड़, इसापुर, जामगांव, जामठी सवासन, झिरी, झुनकारी, जोगीखेड़ा, काजरी, काला पखान, कारासपानी, खडकी, खापा, खेड़ी रामोसी, खेड़ीखुर्द, कोंढर, कुंभी खेड़ा, कुमुदरा, कुंड, कुंडमाल, कुंड रैयत, माजरी, मालेगांव, मंगोना खुर्द, मंगोनाकला, मंगोनाखुर्द, मासोद, मीरापुर, मोरंड, नंदखुडी, नरखेड़, पाबल, पचमऊ, पचधार, पचुमरी, पंझारी, परसोड़ी, पिपरिया, पोहर, प्रभातपटटन, रगड़गांव, रायआमला, रजापुर रैयत, राजनी, रामपुर, रोहना, सहनगांव, सांईखेड़ा खुर्द, सालबर्डी, सावंगी, सारसी, सांवलमेंढा, सावरी, सेंदुरजना, शिरडी, सिरखेड़, सिरसावाड़ी, सिवनपानी, ताईखेड़ा, तेलिया, तिवरखेड़, उमरी, वायगांव शामिल हैं। सोपई गांव में बांध के पानी को फिल्टर करने के लिए 22 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। इस प्लांट से पानी गांवों में टंकी तक सप्लाई किया जाएगा। टंकी से घरों तक पानी सप्लाई किया जाएगा। इसके लिए जल निगम 55 टंकी का निर्माण करेगा। गांवों में जगह चयनित करके बनाई जा रही टंकी एक लाख लीटर से लेकर 10 लाख लीटर तक रहेंगी। गांवों की आबादी के हिसाब से टंकियों का निर्माण किया जाएगा। 60 गांवों में जल निगम और 98 गांवों में पीएचई टंकी निर्माण करेगा।

योजना में काम करने ठेकेदार सर्वे करा रहा है घोघरी जल समूह योजना से 159 गांवों में पेयजल सप्लाई की जाएगी। इसके लिए 278 करोड़ की योजना का स्वीकृति होकर भूमिपूजन हो गया है। योजना के तहत पानी सप्लाई करने के लिए इंटकवेल, ट्रीटमेंट प्लांट, टंकी निर्माण के लिए सर्वे ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। योजना की समय-सीमा 28 माह निर्धारित की है।

## बोरखेड़ा लॉयन्स ने भैरून्दा से 9 रनों से जीता मैच



**सीहोर।** रेहटी में चल रहे प्रेम सुंदर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर स्थानीय एवं क्षेत्र के बच्चों तथा युवाओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। क्रिकेट टीमों के प्रशंसक एवं दर्शक बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचकर ने खेल का आनन्द ले रहे हैं। वहीं अपनी पसंदीदा टीमों और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी कर रहे हैं। गेंदबाजों द्वारा विकेट लेने पर तथा बल्लेबाजों द्वारा चौके-छक्के लगाने पर दर्शक खड़े होकर एक साथ एक लय में तालियां बजाकर उनका स्वागत कर रहे हैं। दर्शक दीर्घा में बैठे अनेक बुजुर्ग भी क्रिकेट मैच का आनंद लेते देखे जा रहे है। रेहटी में आयोजित किए जा रहे प्रेम सुंदर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में 13 दिसंबर का पहला मैच दोपहर 1ः00 बजे से बोरखेड़ा लायंस भैरुंदा एवं सलकनपुर सुपरस्टार्स के बीच खेला गया। मैच में सर्वप्रथम सलकनपुर सुपरस्टार्स ने टॉस जीता। बेटिंग करते हुए बोरखेड़ा लॉयन्स भैरून्दा ने 10 ओवर में 10 विकेट खोकर 66 रनों की पारी खेली। जबाव में सलकनपुर सुपरस्टार्स 10 ओवर में 57 रन ही बना पाई। बोरखेड़ा लॉयन्स ने 9 रनों से मैच जीता। बोरखेड़ा लॉयन्स टीम से श्री अरविन्द को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में कैरियर अवसर मेला का आयोजन

❑विदिशा

शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय विदिशा में आज मंगलवार को कैरियर अवसर मेले का आयोजन हुआ। करियर अवसर मेले का उद्घाटन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री मुकेश टंडन एवं सांसद प्रतिनिधि श्री राकेश शर्मा के द्वारा फीता काटकर किया गया।



कैरियर अवसर मेला कार्यक्रम में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री मुकेश टंडन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के युवाओं तथा बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनकी सरकार तथा उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव की योजना है कि हरेक व्यक्ति के लिए रोजगार के अवसर सहजता से उपलब्ध हों। रोजगार मेला इस दृष्टि से उपयोगी है। उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुमन सोनी ने कैरियर अवसर मेले के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर की।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मंजू जैन ने कहा कि आज रोजगार परक शिक्षा की बात की जाती है। इसलिए कॅरियर के प्रति जागरुक करना और सही दिशा बताना शिक्षण संस्थानों का कर्तव्य है। कॅरियर अवसर मेला इसी दिशा में पहल करता है। इससे महाविद्यालय की छात्राएं लाभान्वित होंगी। स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ मलखान सिंह ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तहत आयोजित इस मेले में एक दर्जन से अधिक कंपनियों एवं सस्थाओं ने भागीदारी की है।

## स्वसहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं : मंत्री सिसोदिया



❑सीहोर

प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने मालीबायां में आजीविका मिशन के तहत एकता संकुल संघ द्वारा संचालित सलकनपुर भोग प्रसादम केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने भोग प्रसाद निर्माण कार्य देखा और समूह की महिलाओं से भोग प्रसाद के बारे में जानकारी ली। मंत्री सिसोदिया ने फूड प्रोसेसिंग यूनिट का भी भ्रमण किया। जिसमें तुअर,चना दाल, बेसन पैकिंग कर बिक्री का कार्य किया जा रहा है। सलकनपुर भोग प्रसाद केन्द्र और फूड प्रोसेसिंग केंद्र में संचालित गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए मंत्री सिसोदिया ने कहा कि स्वसहायता समूह के माध्यम से महिलाएँ नित प्रतिदिन सफलता के आयाम बना रहीं है एवं आत्मनिर्भर हो रही हैं। इस दौरान एनआरएलएम के जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश बरफा, बुधनी जनपद सीईओ देवेश सराठे सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वसहायता समूह का गठन कर महिलाओं को बैंक लिंकेज कराया जा रहा है। जिसके माध्यम से महिलाएं अनेक गतिविधियां संचालित कर अपनी पारिवारिक आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रही है। समूह के माध्यम से महिलाओं द्वारा सलकनपुर भोग प्रसादम केन्द्र, सिलाई सेंटर, कस्टम हायरिंग सेंटर, खाद्य प्रतिष्ठानों सहित फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी एवं फसल खरीदी का कार्य भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है।







### हिमाचल ने हरियाणा को 46 रन पर समेटा

# बंगाल के खिलाफ यूपी 198 रन पर ढेर, रिंकू सिंह का अर्धशतक

एजेंसी ❑मुंबई

**रिंकू सिंह और प्रियम गर्ग के अर्धशतक के बावजूद उत्तर प्रदेश की टीम कोलकाता के ईडन गार्डन्स में मंगलवार को रणजी ट्रॉफी में बंगाल के खिलाफ 198 रन पर ही सिमट गई। रिंकू ने 118 गेंदों में 79 रन की पारी खेली और इस दौरान 11 चौके लगाए, जबकि प्रियम गर्ग ने 105 गेंदों में 53 रन बनाए और सात चौके जड़े।**





दोनों बल्लेबाजों को छोड़ दिया जाए, तो अन्य बल्लेबाज ईशान पोरेल (5/33), प्रीतम चक्रवर्ती (3/63) और शाहबाज अहमद (2/20) की गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आए और पूरी टीम पहली पारी में 200 का स्कोर भी पार नहीं कर पाई 63.5 ओवर में 198 पर ही सिमट गई। जवाब में उत्तर प्रदेश के शिवम मावी (3/14) ने अपनी टीम की वापसी कराई और दिन का खेल खत्म होने तक बंगाल का स्कोर पहली पारी में चार विकेट पर 29 रन कर दिया।

बंगाल की टीम उत्तर प्रदेश के स्कोर से अभी 169 रन पीछे है। प्रीतम चक्रवर्ती (नाबाद 12) और सायान मोंडल (नाबाद चार) खेल रहे थे। मावी ने बंगाल के शीर्ष क्रम को उखाड़ दिया। उन्होंने सलामी बल्लेबाज अभिषेक दास (08), कौशिक घोष (00) और सुदीप कुमार (00) को चलता किया, जबकि अंकित राजपूत ने अनुस्तुप मजूमदार (01) को आउट कर दिया।

इससे पहले बंगाल ने टॉस जीतकर उत्तर प्रदेश को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। बंगाल के गेंदबाजों पोरेल और चक्रवर्ती ने उत्तर प्रदेश का जब खाता भी नहीं खुला था तब माधव कोशिश और आंजनेय सूर्यवंशी को पवेलियन भेज दिया। दोनों बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल पाए। कप्तान करन शर्मा भी 10 के निजी स्कोर पर पोरेल की गेंद पर बोल्ड हो गए। यहां से रिंकू और प्रियम ने चौथे विकेट के लिए 89 रनों की साझेदारी करके टीम की पारी को कुछ देर तक संभाले रखा लेकिन पोरेल ने प्रियम को अभिषेक के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदरी को तोड़ दिया। उनके जाने के बाद अन्य बल्लेबाजों ने रिंकू का अच्छे से साथ नहीं दिया और टीम सस्ते में आउट हो गई।

हरियाणा की टीम के बल्लेबाजों ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन किया। हरियाणा के 10 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाए और चार बल्लेबाज तो बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए और इस तरह टीम 20.4 ओवर में 46 पर ही सिमट गई। निशांत सिंधू ने हरियाणा के लिए सर्वाधिक 19 रन बनाए। हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। हिमाचल के गेंदबाजों ने सुबह पिच की नमी का अच्छे से इस्तेमाल किया और वैभव अरोड़ा (4/15), सिद्धार्थ शर्मा (3/12) ने विकेट चटकाए। उनके अलावा कंवर अभिनय ने एक ओवर में बिना रन दिए दो विकेट चटकाए। जवाब में प्रशांत चोपड़ा (137) के शतक की मदद से हिमाचल प्रदेश ने पहली पारी में 67 ओवर में एक विकेट पर 246 रन बनाए। प्रशांत ने 181 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के जड़े। हिमाचल प्रदेश की पहली पारी में बढ़त 200 रन की हो गई है। दिन का खेल खत्म होने तक हिमाचल प्रदेश के राघव धवन (नाबाद 86) और अंकित काल्सी (नाबाद 15) क्रीज पर मौजूद थे। हरियाणा के लिए चैतन्य बिश्नाई (1/7) ने विकेट लिया। प्रभसिमरन सिंह के दोहरे शतक और अभिषेक शर्मा के शतक से पंजाब ने रणजी ट्रॉफी में पहले दिन चंडीगढ़ के खिलाफ मजबूत स्कोर खड़ा किया। चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पंजाब को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। प्रभसिमरन ने 278 गेंदों में 28 चौके और दो छक्कों की मदद से 202 रन बनाए, जबकि अभिषेक ने 146 गेंदों में 11 चौके और दो छक्कों के दम पर 100 रन की पारी खेली। उन दोनों की मदद से पंजाब ने पहली पारी में 85 ओवर में तीन विकेट पर 363 रन का स्कोर खड़ा किया। दिन का खेल खत्म होने तक कप्तान मनदीप सिंह (नाबाद 16) और अनमोलप्रीत सिंह (नाबाद 05) क्रीज पर मौजूद थे। चंडीगढ़ के लिए रोहित ढांडा (2/50) ने सर्वाधिक विकेट लिए। कुणाल चंदेला शतक जड़ने से चूक गए, लेकिन उनकी टीम उत्तराखंड रणजी ट्रॉफी में नगालैंड के खिलाफ पहली पारी में 282 रन बनाने में सफल रही।

# पूरी दुनिया में पाकिस्तान की किरकिरी, इंग्लैंड से सीरीज गंवाने के बाद आईसीसी ने भी दिया झटका

एजेंसी ❑रावलपिंडी



पाकिस्तान के रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम पर अब अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी से निलंबित होने का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, इस मैदान को आईसीसी ने दो डिमेरिट अंक दिए हैं और औसत से नीचे का दर्जा दिया है। इस मैदान पर पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड टेस्टी सीरीज का पहला मैच खेला गया था। यह लगातार दूसरी बार है जब यह पिच सवालों के घेरे में आई है। पिछली औसत से नीचे वाली रेटिंग ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान आई थी, जो इस साल मार्च में खेला गया था और ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। आगे के डिमेरिट अंक आयोजन स्थल के लिए कयामत ढा सकते हैं।

आईसीसी ने प्रेस रिलीज ने कहा- रावलपिंडी को अब आईसीसी पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत लगातार दो टेस्ट में दो डिमेरिट अंक प्राप्त हुए हैं और यदि इससे ज्यादा डिमेरिट अंक हो जाते हैं तो किसी भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की मेजबानी से निलंबित होने का खतरा हो सकता है। डिमेरिट अंक पांच साल के लिए सक्रिय रहते हैं। पांच साल की अवधि तक अगर उस पिच को पांच डिमेरिट पॉइंट मिलते हैं तो उसे 12 महीने की अवधि के लिए किसी भी अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी से निलंबित कर दिया जाएगा। इंग्लैंड ने रावलपिंडी में पहला टेस्ट 74 रनों से जीता था। टीम ने गेंदबाजी, बल्लेबाजी से लेकर फील्डिंग तक में पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया था। पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा सहित कई लोगों का मानना था कि पिच परिणाम देने के लिए अनुकूल थी। वहीं, मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट जारी की। पाइक्रॉफ्ट ने कहा- यह एक बहुत ही सपाट पिच थी जिसने किसी भी प्रकार के गेंदबाज को लगभग कोई सहायता नहीं दी थी। उन्होंने कहा- मैच के दौरान पिच मुश्किल से खराब हुई थी। चूंकि इसमें गेंदबाजों के लिए कोई मदद नहीं थी, इसलिए मैंने पिच को आईसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार औसत से नीचे पाया।

## मुल्तान टेस्ट में पाक फैंस का कोहली को संदेश, एशिया कप खेलो...हम आपको बाबर से ज्यादा प्यार देंग

**मुल्तान।** पाकिस्तानी टीम इंडिया की मेजबानी करने के लिए गिड़गिड़ा रही है।



PCB चीफ रमीज राजा के बाद अब वहां के फैंस भी टीम इंडिया को पाकिस्तान बुलाने की मुहिम में जुट गए हैं। सोमवार को 2 पाकिस्तानी फैंस ने मुल्तान टेस्ट के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली से पाकिस्तान में आकर एशिया कप खेलने की अपील की। इंग्लैंड-पाकिस्तान के इस मुकाबले के दौरान वे दोनों हाथ में पोस्टर लिए दिखे, जिसमें लिखा था- हाय, किंग कोहली...आओ और एशिया कप खेलो। हम आपको हमारे किंग बाबर से ज्यादा प्यार देंगे।

### घुड़सवारी अकादमी में किसान के बेटे का कमाल

## एशियन गेम्स ट्रायल के पहले राउंड के लिए किया क्पवालिफाई



**प्रदेश के पहले खिलाड़ी बने**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ी और किसान के बेटे राजू सिंह ने एशियन गेम्स के ट्रायल के पहले राउंड में क्वालीफाई कर लिया है, ऐसा करने वाले वे इस अकादमी के पहले खिलाड़ी हैं। राजू ने ये सफलता हाल ही 10 दिसंबर तक नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी फेडरेशन इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर हासिल की।

**एलिस पैरी का अर्धशतक, 5 मैचों की सीरीज में कंगारू 2-1 से आगे**

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21 रन से हारी इंडियन विमेंस टीम



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम ने इंडिया को 5 मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में 21 रन से हराया। जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2-1 की ब?त बनाई। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 172 रन बनाए। वहीं, भारत निर्धारित 20 ओवर में 151 रन ही बना सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिस पैरी ने 47 गेंद में 75 रन स्कोर किए। वहीं, भारत की ओपनर शेफाली वर्मा ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

### एलिस पैरी का अर्धशतक

भारत ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 8 विकेट खो कर 172 रन बनाए। एलिसा हैली और तहीलिला मैक्ग्रा 1-1 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद बेथ मूनी और एलीस पैरी ने पारी संभाली।

## सचिन के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने रणजी ट्रॉफी में किया डेब्य

एजेंसी ❑नई दिल्ली



महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने अपने करियर में एक बड़ा मुकाम मंगलवार (13 दिसंबर) को हासिल कर लिया। उन्हें रणजी ट्रॉफी में डेब्यू करने का मौका मिला है। अर्जुन ने रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी में गोवा के लिए राजस्थान के खिलाफ अपना मुकाबला खेला। उन्हें पहले दिन गेंदबाजी का मौका तो नहीं मिला लेकिन बल्लेबाजी करने के लिए वह मैदान पर उतरे। अर्जुन पहले दिन 12 गेंद पर चार बनाकर नाबाद रहे।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन इस साल की शुरुआत में मुंबई के लिए खेलने का पर्याप्त मौका नहीं मिलने के बाद गोवा शिफ्ट हो गए थे। उन्होंने मुंबई और गोवा के लिए केवल सात लिस्ट ए मैच और नौ टी20 मैच खेले हैं। राजस्थान के खिलाफ मैच से उनके प्रथम श्रेणी करियर की भी शुरुआत हो गई। अर्जुन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा था कि अर्जुन को प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने के लिए अपने खेल के कुछ पहलुओं में सुधार करने की जरूरत है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (स्ष्ट) ने भी अर्जुन को गोवा की ओर से खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) दिया था। अर्जुन ने इसके लिए आवेदन किया था।

जहां तक राजस्थान और गोवा के बीच मैच का सवाल है तो राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। गोवा ने सुमिरन अमोनकर का विकेट जल्द ही गंवा दिया। उन्हें कमलेश नागरकोटी ने आउट किया। दूसरे ओपनर अमोघ सुनील देसाई अपनी 27 रन की पारी में अच्छे दिखे, लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना पाए। उन्हें अराफात खान ने आउट किया।

## दृष्टिबाधित टी-20 विश्वकप में भारत की लगातार तीसरी जीत, बांग्लादेश को हराया

एजेंसी ❑नई दिल्ली




भारत ने दृष्टिबाधितों के लिए आयोजित तीसरे टी-20 क्रिकेट विश्वकप में मंगलवार को बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की। भारत ने इससे पहले नेपाल और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल की थी। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था।

बाराबती स्टेडियम में पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करने वाली भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 4 विकेट पर 166 रन तक सीमित रखा। बांग्लादेश के कप्तान अशिकुर रहमान (75 रन) और मोहम्मद आरिफ (33) ने तीसरे विकेट पर 84 रन जोड़े। अशिकुर ने बाद में तंजील के साथ भी 61 रन जोड़े। जवाब में भारतीय ओपनर टी दुर्गा राव (73) और नकुल बड़ानायक (36) ने 8.3 ओवरों में 95 रन जोड़े। भारत ने 13.1 ओवरों में तीन विकेट पर 167 रन बना लिए। भारतीय सलामी बल्लेबाज टी दुर्गा राव और नकुल बदनायक ने तेज शुरुआत की और 8.3 ओवर में 95 रन बनाए। 24 गेंदों में 36 रन बनाकर नकुल पहले विकेट के रूप में आउट हुए। दुर्गा राव ने तेजी से रन बनाना जारी रखा और 12वें ओवर में जिस समय वह रिटायर हुए उस समय भारत लक्ष्य से केवल 15 रन दूर था। उन्होंने 43 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 73 रन बनाए। कप्तान अजय कुमार रेड्डी और सुनील रमेश ने बिना किसी परेशानी के 13.1 ओवर में मैच खत्म कर दिया।

बेंगलुरु में खेले गए दूसरे राउंड रॉबिन मैच में श्रीलंका ने नेपाल को 7 विकेट से हराकर टूर्नामेंट की लगातार चौथी जीत हासिल की। मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। बारिश के कारण मैच को 15-15 ओवरों का कर दिया गया। नेपाल की टीम 15 ओवर में सात विकेट पर 87 रन ही बना सकी। जवाब में श्रीलंका ने महज 7.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। चंदना देशप्रिया ने सर्वाधिक नाबाद 40 रन बनाए।

### कार एक्सीडेंट में घायल हुए एंड्रयू फ्लिंटॉफ

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ कार एक्सीडेंट में घायल हो गए। उन्हें एयरलिफ्ट कर हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टर्स ने उनकी हालत स्थिर बताई है, उन्हें जानलेवा इंजरी नहीं हुई। दरअसल, वे बीबीसी के टीवी शो के लिए शूटिंग कर रहे थे। उसी दौरान कार चलाते वक्त हादसा हो गया। 45 साल के फ्लिंटॉफ सोमवार को BBC के शो टॉप गियर के लिए इंग्लैंड के सरे शहर में शूटिंग कर रहे थे। एक्सीडेंट के तुरंत बाद क्रू मेंबर्स उन्हें एयरलिफ्ट कर हॉस्पिटल ले गए। BBC ने बताया कि हॉस्पिटल में उनका ट्रीटमेंट जारी है। डॉक्टर्स से अपडेट मिलने के बाद उनकी हेल्थ रिपोर्ट पर जानकारी दे पाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि फ्लिंटॉफ की चोटें किसी भी तरह से जानलेवा नहीं हैं। शूटिंग के दौरान क्रू मेंबर्स ने सभी तरह की सावधानियां बरती थीं।



### मुद्रास्फीति अक्टूबर में 8.39 प्रतिशत और नवंबर 2021 में 14.87 प्रतिशत रही

# थोक महंगाई दर 21 महीनों के न्यूनतम स्तर पर, नवंबर महीने में 5.85 प्रतिशत पर पहुंची

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

वाणिज्य मंत्रालय की ओर से 14 दिसंबर को जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में भारत की थोक मुद्रास्फीति 21 महीने के निचले स्तर 5.85 प्रतिशत पर आ गई। 5.85 प्रतिशत पर, नवीनतम थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति का आंकड़ा दो महीने पहले की तुलना में 470 आधार अंक कम है। एक आधार अंक एक प्रतिशत अंक का सौवां हिस्सा होता है। WPI मुद्रास्फीति अक्टूबर में 8.39 प्रतिशत और नवंबर 2021 में 14.87 प्रतिशत रही। थोक मुद्रास्फीति में गिरावट की खबर खुदरा महंगाई दर के घटने की खबर के दो दिन बाद आई है। सांख्यिकी मंत्रालय के आंकड़ों में बताया गया था कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति नवंबर महीने में घटकर 5.88 प्रतिशत हो गई थी। कई महीनों के बाद पहली बार यह रिजर्व बैंक के टॉलरेंस बैंड (2-6 प्रतिशत) की ऊपरी सीमा से नीचे आई है।



फरवरी 2021 के बाद पहली बार थोक मुद्रास्फीति खुदरा मुद्रास्फीति से कम रही है। उस समय थोक मुद्रास्फीति 4.83 प्रतिशत और खुदरा मुद्रास्फीति 5.03 प्रतिशत थी। नवंबर में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में तेज गिरावट का कारण डब्ल्यूपीआई टोकरी के तीन प्रमुख कमोडिटी समूहों में से दो की कीमतों में क्रमिक रूप से गिरना था। नवंबर में महीने में खाद्य मुद्रास्फीति 22 महीने के निचले स्तर 2.17 प्रतिशत पर आ गई। यह अक्तूबर महीने के 6.48 प्रतिशत का लगभग एक तिहाई रह गया है। मासिक आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके अलावे निर्माण क्षेत्र के उत्पादों के मामले में थोक महंगाई दर 4.42 प्रतिशत से घटकर 3.59 प्रतिशत पर आ गई है। अक्तूबर महीने की तुलना में इसमें 0.3 प्रतिशत की नरमी आई है। निर्माण क्षेत्र के उत्पादों की महंगाई में नरमी अहम है क्योंकि डब्ल्यूपीआई बास्केट में इसकी हिस्सेदारी लगभग दो तिहाई है। ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र की थोक महंगाई में बड़ी गिरावट आई दर्ज की गई है। यह अक्तूबर महीने की 23.17 की तुलना में फिसलकर 17.35 अंकों पर पहुंच गई है। क्रमिक आधार पर इस सूचकांक में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। डब्ल्यूपीआई के ऑल कॉमोडिटी सेगमेंट में नवंबर महीने में 0.3 महीने की गिरावट दर्ज की गई है। खुदरा महंगाई दर और थोक महंगाई दर में आई इस गिरावट का पॉलिसी निर्धारकों का समर्थन मिलेगा। आरबीआई ने रेपो रेट में 225 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी के साथ इसे 6.25 प्रतिशत कर दिया है।

बता दें कि अक्तूबर महीने में थोक मुद्रास्फीति 8.39 प्रतिशत तक गिरने से पहले 18 महीने दहाई अंकों में रही थी। सीपीआई मुद्रास्फीति लगातार 38 महीनों के लिए 4 प्रतिशत के मध्यम अवधि के लक्ष्य से ऊपर रहा। केंद्रीय बैंक खुदरा महंगाई दर लगातार तीन तिमाहियों के दौरान 2 से 6 प्रतिशत की सहिष्णुता सीमा के भीतर रखने में असफल रहा था। ऐसे में महंगाई के ताजा आंकड़े राहत देने वाले हो सकते हैं। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक 6-8 फरवरी को होने वाली है। अर्थशास्त्रियों की राय है कि दर सेटिंग पैनल इस दौरान रेपो रेट में फिलहाल अंतिम वृद्धि का फैसला कर सकता है।

## 22 लाख करोड़ बढ़ सकता है जीडीपी का आकार राजकोषीय घाटा में भी 3.3 लाख करोड़ बढ़ेगा




**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

राजस्व संग्रह और खर्च बढ़ने से चालू वित्त वर्ष में जीडीपी का आकार 22 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 275-280 लाख करोड़ हो सकता है। पहले सरकार का अनुमान 258 लाख करोड़ रुपये था। बैंक ऑफ बड़ौदा ने रिपोर्ट में कहा कि पहले कुल खर्च का अनुमान 39.45 लाख करोड़ था जो बढ़कर 42.7 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। राजकोषीय घाटा 16.6 लाख करोड़ से बढ़कर 19.9 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा, जो बजट के अनुपात में 7-7.1 फीसदी के बीच होगा।


केंद्र सरकार ने 4.36 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च की अनुमति मांगी है। इसमें से 1.11 लाख करोड़ रुपये ज्यादा राजस्व मिलने से पूरा किया जाएगा। इससे कुल शुद्ध खर्च 3.26 लाख करोड़ रुपये बढ़ेगा। विनिवेश से 40 हजार करोड़ मिल सकता है। बजट में लक्ष्य 65 हजार करोड़ का था। 1.11 लाख करोड़ जो राजस्व से ज्यादा प्राप्त होगा उसमें से 45,000 करोड़ रुपये ग्रामीण विकास मंत्रालय, 14 हजार करोड़ रक्षा मंत्रालय, 13 हजार करोड़ दूरसंचार मंत्रालय, 10 हजार करोड़ राजस्व विभाग और 19 हजार करोड़ रुपये सड़क एवं परिवहन मंत्रालय खर्च करेगा।

नेशनल एंप्लॉयीज गारंटी फंड (एनईजीएफ) मनरेगा, पीएम आवास जैसी योजना पर 45,000 करोड़ अतिरिक्त खर्च होगा। रेल मंत्रालय 12,000 करोड़, सड़क परिवहन एवं हाईवे मंत्रालय 18,000 करोड़ रुपये और जम्मू एवं कश्मीर तथा पुडुचेरी के लिए 10 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

## पेटीएम 850 करोड़ के शेयर वापस खरीदेगी, एसबीआई ने एफडी पर 0.65 फीसदी बढ़ाया तक ब्याज

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के बोर्ड ने 850 करोड़ रुपये के शेयर बायबैक को मंजूरी दे दी है। शेयरों की वापस खरीद ओपन मार्केट के जरिये होगी।?कंपनी ने कहा कि?यह बायबैक 810 रुपये प्रति शेयर से अधिक की कीमत पर नहीं होगा। शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद से कंपनी का यह पहला बायबैक ऑफर है।




भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर 0.65 फीसदी तक ब्याज बढ़ा दिया है। बैंक ने वेबसाइट पर कहा, दो करोड़ तक के जमा पर एक से दो साल के एफडी पर 6.10 के बजाय 6.75 फीसदी ब्याज मिलेगा। नई दर 13 दिसंबर से लागू है। संशोधन के बाद अब 211 दिन से एक साल के जमा पर 5.75 फीसदी ब्याज मिलेगा। 22 अक्तूबर को बैंक ने एफडी पर 0.80 फीसदी तक ब्याज बढ़ाया था। एजेंसी

टाटा मोटर्स जनवरी से वाणिज्यिक वाहनों के दाम दो फीसदी तक बढ़ाएगी। कीमतों में वृद्धि मॉडल और संस्करण के अनुसार होगी। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि वह बढ़ी हुई लागत का ज्यादातर भार खुद पर ले रही है। लेकिन, कुल लागत में तीव्र वृद्धि से उसे वाहनों की कीमतों में न्यूनतम बढ़ोतरी करनी पड़ रही है। एजेंसी

निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) से नवंबर में 195 करोड़ की शुद्ध निकासी की। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के मुताबिक, अक्तूबर में इस श्रेणी में 147 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ था और सितंबर में यह आंकड़ा 330 करोड़ रुपये था। देश में अगले पांच साल में 100 से अधिक परिपक्व, बड़े स्तर पर लाभ कमाने वाले या मुनाफे की राह पर बढ़ रही स्टार्टअप कंपनियां देखने को मिलेंगी। इनमें 80 स्टार्टअप आईपीओ ला सकती हैं।

रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स ने रिपोर्ट में कहा, अब तक 20 स्टार्टअप कंपनियां आईपीओ ला चुकी हैं। भारत में 3,900 अरब डॉलर के बाजार पूंजीकरण में प्रौद्योगिकी या नई पीढ़ी की कंपनियों का हिस्सा मात्र एक फीसदी है।

## बर्नार्ड अरनॉल्ट अब दुनिया में सबसे अमीर



**वॉशिंगटन।** एलन मस्क अब दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी नहीं हैं। फ्रांसीसी अरबपति और लुई विटॉ मोएट हेनेसी के CEO बर्नार्ड अरनॉल्ट उन्हें पछाड़कर पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। मस्क की नेटवर्थ में आई गिरावट का कारण टेस्ला के शेयरों का लगातार टूटना और LVMH के शेयर में तेजी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स और फोर्ब्स दोनों में मस्क दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं।

## रेल टिकट पर सीनियर सिटीजन को नहीं मिलेगी छूट

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में बुधवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने एक बयान में संकेत दिए कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा के दौरान किराए में मिलने वाले कन्सेशन को फिर से शुरू किए जाने के फिलहाल कोई आसार नहीं हैं। सीनियर सिटीजन के लिए इस कन्सेशन को कोविड महामारी के दौरान बंद कर दिया गया था। बुजुर्ग नागरिकों को मिलने वाले कन्सेशन पर



**क्या बोले रेल मंत्री:** दरअसल, लोकसभा में महाराष्ट्र के निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने रेल मंत्री अश्विनी से पूछा कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में मिलने वाले कन्सेशन को फिर से कब शुरू किया जाएगा? इसके जवाब में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने पिछले साल यात्री सेवाओं पर 59 हजार करोड़ रुपए की सब्सिडी दी है, जो काफी बड़ी रकम है। उन्होंने आगे कहा कि ये आंकड़ा कई राज्यों के सालाना बजट से भी ज्यादा है। इसके बाद अश्विनी वैष्णव ने यह भी बताया कि रेलवे को हर साल सैलरी बिल में 97 हजार करोड़ रुपए और पेंशन बिल पर 60 हजार करोड़ रुपए खच करने पड़ते हैं।

## प्रदेश में महाकाल लोक से 5जी लांच, मंदिर कैंपस में रोज 1 जीबी डेटा फ्री

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश में उज्जैन के महाकाल लोक से 5जी सेवा की शुरुआत हो गई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने त्रिवेणी संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में जियो की इस सेवा का आगाज किया। फिलहाल ये सुविधा सिर्फ महाकाल लोक (महाकाल मंदिर परिसर) में ही मिलेगी। सीएम ने कहा कि जनवरी से यह सेवा इंदौर में भी मिलने लगेगी। इसके साथ ही महाकाल लोक प्रदेश का पहला 5जी और जियो 5जी पावर्ड वाई-फाई कॉरिडोर बन गया। इस मौके से ष्टरूने कहा कि मध्यप्रदेश में आज क्रांति का दिन है। यहां वाईफाई के जरिए 1जीबी तक 5जी नेटवर्क का फ्री लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने जियो कम्युनिटी क्लिनिक और AR-VR डिवाइस जियो ग्लास का डेमो भी दिया।




## जी20 देशों को 500 अरब डॉलर का निर्यात कर सकता है भारत, बिक सकती है ग्लैंड फार्मा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

**भारत का 2030 तक जी20 देशों को वस्तुओं का निर्यात दोगुना से ज्यादा बढ़कर 500 अरब डॉलर पहुंच सकता है। 2021-22 में यह 212 अरब डॉलर रहा था। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष साकेत डालमिया ने मंगलवार को कहा कि जी20 देशों के साथ कारोबारी गतिविधियों में विस्तार से भारत का इन देशों के साथ व्यापार घाटा 50 फीसदी तक कम करने में मदद मिलेगी।**

अभी इन देशों के साथ भारत का व्यापार अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि जी20 देशों में से सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में भारत अनिश्चितताओं को अवसरों में बदलने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डालमिया ने कहा कि जी20 की अध्यक्षता भारत के पास आना भू-राजनीतिक तनाव, उच्च महंगाई और सुस्त होती आर्थिक वृद्धि के दौर में स्थिरता लाने के लिहाज से असरदार साबित होगा। देश की सबसे बड़ी फार्मा डील होने वाली है। ग्लैंड फार्मा बिक सकती है। बैरिंग प्राइवेट इक्विटी एशिया (पीई), एडवेंट इंटरनेशनल, ब्लैकस्टोन, बैन कैपिटल, कार्लाइल और केकेआर खरीदने की दौड़ में हैं।चीनी अरबपति गुओ गुआंगचांग की शंघाई फोसुन फार्मास्युटिकल का ग्लैंड फार्मा में सर्वाधिक 57.86 फीसदी हिस्सा है। जो भी कंपनी इसे खरीदेगी, उसे 26 फीसदी अतिरिक्त हिस्सा खरीदने के लिए ओपन ऑफर भी लाना होगा। ग्लैंड फार्मा 60 देशों में मौजूद है। फोसुन फार्मा ने केकेआर एंड कंपनी सहित एक निवेशक समूह से 2017 में 1.1 अरब डॉलर में ग्लैंड फार्मा में 74 फीसदी हिस्सेदारी ली थी। कंपनी नवंबर, 2020 में 6,479 करोड़ का आईपीओ लाई थी। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, फोसुन अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करने के लिए ग्लैंड फार्मा में अपनी हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रही है। कंपनी चीन के प्रॉपर्टी क्षेत्र में मंदी के कारण वित्तीय दबाव में आ गई है। साथ ही यह नई पूंजी भी जुटाने में अब सक्षम नहीं है।




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)